www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –9 । अंक–238 । सागर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

तहसील कार्यालय के गेट पर किसानों दिया धरना — पृष्ठ 2
▸ भागवत की शताब्दी कथा : खतरा, खतरा, खतरा!
▸ वन संरक्षण के देसी उपाय — पृष्ठ 4
▸ दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने चला बुलडोजर — पृष्ठ 6
एसडीएम और तहसीलदार द्वारा कैंप कोर्ट लगाकर मौके पर ही होंगे प्रकरण हल: कलेक्टर — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों की शिष्टाचार मुलाकात पीएम आवास पर हुई। इसकी तस्वीर प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने पहली बार पीएम मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।'

### चिराग पासवान को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जाएगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री एवं हाजीपुर से सांसद, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान का सुरक्षा कवर बढ़ाने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने श्री पासवान को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब श्री पासवान की सुरक्षा में 33 सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 33 जवान 24 घंटे उनकी सुरक्षा में रहेंगे। यह निर्णय श्री पासवान पर खतरे की बढ़ती आशंका की रिपोर्ट को देखते हुए लिया गया है, हालांकि अभी सरकार की ओर से उनकी सुरक्षा बढ़ाने का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। श्री पासवान को इससे पहले एसएसबी के सुरक्षाकर्मियों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही थी।

### मणिपुर में संघर्ष के समाधान के लिए बुलाई बैठक

**इंफाल, एजेंसी।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में गृह मंत्रालय ने मणिपुर में डेढ़ साल से जारी जातीय संघर्ष का समाधान खोजने और शांति बहाल करने के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में मेइती, नगा और कुकी-जो समुदायों के विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। हालांकि अधिकारियों ने मंगलवार की बैठक की न तो पुष्टि की और न ही इसका खंडन किया, लेकिन मेइती, नगा और कुकी-जो समुदायों के मंत्रियों और विधायकों ने बैठक के आयोजन की अलग-अलग पुष्टि की है।

### कानपुर में भीषण सड़क हादसा, 5 की मौत

**कानपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा रामादेवी से पनकी भौती जाने वाले हाईवे पर हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाईवे पर सुबह एक तेज रफ्तार डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे डंपर के पीछे चल रही कार उसमें जा टकराई, इसके बाद दोनों वाहनों के पीछे चल रहे ट्राला ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

### श्रीनगर से उप्र की 2 बालिकाओं के शव बरामद

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में उत्तर प्रदेश के दो बच्चियों के शव दूध गंगा नदी से बरामद किए गए हैं।

पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इलाके में खिलौने और पेन बेचने वाली दोनों बच्चियां 12 अक्टूबर को लापता हो गईं थीं। बाद में, श्रीनगर सदर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने माता-पिता के साथ मिलकर बच्चों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, रविवार देर रात दूध गंगा नदी में उनके शव मिले। मृतकों में उत्तर प्रदेश की बरेली निवासी सात वर्षीय शारिका और छह वर्षीय मंगला हैं। सूत्रों के अनुसार, उनकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी है।

खाने-पीने की चीजों की कीमतें आसमान पर

# खुदरा महंगाई साढ़े 5 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** थोक महंगाई दर के आंकड़ों के बाद खुदरा महंगाई के आंकड़े भी जारी हो गए हैं। सितंबर में भारत की खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर 5.49 प्रतिशत तक बढ़ गई। यह इजाफा खाने-पीने के चीजों की कीमतें लगातार बढ़ने के कारण हुआ। खुदरा महंगाई दर पिछले महीने दर्ज किए गए 5 साल के निचले स्तर 3.65 फीसदी से कहीं अधिक है। जुलाई के बाद पहली बार यह भारतीय रिजर्व बैंक के 4 फीसदी के मध्यम अवधि के लक्ष्य को पार कर गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई बास्केट में आधी हिस्सेदारी रखने वाले खाद्य पदार्थों की महंगाई दर सितंबर में 9.24 फीसदी पर पहुंच गई। अगस्त महीने में खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 5.66 थी। इससे पहले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत और अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। जुलाई-अगस्त दोनों ही महीनों में खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के लक्ष्य के भीतर थी। दूसरी ओर, अगस्त 2023 में सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 6.83 प्रतिशत थी।

इसकी वजह सब्जियों की मुद्रास्फीति रही, जो सितंबर में 48.73 फीसदी बढ़ी थी। अगस्त में यह 10.01 फीसदी घट गई थी। आलू की मुद्रास्फीति सितंबर में 78.13 और प्याज की 78.82 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही। ईंधन और बिजली श्रेणी में सितंबर में 4.05 फीसदी की अपस्फीति देखी गई, जबकि अगस्त में 0.67 प्रतिशत की अपस्फीति हुई थी।

### थोक महंगाई में भी इजाफा

सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों के महंगे होने से थोक मूल्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 1.84 फीसदी हो गई। अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 1.31 फीसदी थी। पिछले साल सितंबर में यह 0.07 फीसदी घटी थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 11.53 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त में यह 3.11 फीसदी थी।

# बहराइच में फिर तोड़फोड़ और आगजनी



- बाइक के शोरूम व एक अस्पताल में आग लगाई
- पुलिस ने 30 लोगों को हिरासत में लिया गया

**बहराइच, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल के बाद सोमवार को एक बार फिर से आगजनी और तोड़फोड़ की गई। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई। बाइक के शोरूम और एक अस्पताल में आग लगा दी गई है। वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। दवाइयों को जला दिया गया है। मामले को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस ने मार्च किया। अगल बगल इलाके की पुलिस को भी बुला लिया गया है।


इस मामले में मौके पर गृह सचिव संजीव गुप्ता और एडीजी (कानून-व्यवस्था) और एसटीएफ चीफ अमिताभ यश को भेजा गया है। फिलहाल 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने दंगाइयों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ताजा हालात पर रिपोर्ट मांगी है। अफवाह ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### सड़क पर पिस्टल लेकर उतरे एडीजी अमिताभ यश

सोशल मीडियो पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एडीजी अमिताभ यश हाथ में पिस्टल लेकर भीड़ को भगाते हुए नजर आ रहे हैं। यह पूरा वाकया रमपुरवा चौकी के पास का है। जहां अमिताभ यश के सामने भी जब उग्र भीड़ नहीं रुकी और एक वाहन तोड़ दिया। जिसके बाद उन्होंने अपनी पिस्टल से हवा में एक फायर किया और भीड़ को खदेड़ा।

मुख्यमंत्री ने एक साथ 4 फ्लाय ओवर का किया लोकार्पण, कहा-

# विकास को नई गति देकर लिखा जाएगा नया अध्याय



संत सेवालाल के नाम पर होगा फूटी कोठी ओवर ब्रिज और चौराहा

**इंदौर/भोपाल, देशबन्धु।** इंदौर में आज स्वर्णिम इतिहास रचा गया। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक ही दिन में एक साथ लगभग 222.25 करोड़ रुपये लागत के 4 फ्लाय-ओवर का लोकार्पण किया। यह पहली बार हो रहा है जब इंदौर में एक ही दिन में एक साथ 4 फ्लाय-ओवर का लोकार्पण हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फूटी कोठी (संत सेवालाल चौराहा) सहित भंवरकुंआ, खजराना और लवकुश चौराहे के फ्लाय-ओवर का लोकार्पण किया। चारों फ्लाय-ओवर इंदौर के आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने में मददगार होंगे। फ्लाय-ओवर के प्रारंभ होने से इंदौर के लाखों नागरिकों को सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। फूटी कोठी फ्लाय-ओवर का नाम प्रसिद्ध संत श्री सेवालाल जी महाराज के नाम पर किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फूटी कोठी (संत सेवालाल चौरहा) में आयोजित फ्लाय-ओवर के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास को नई गति देकर विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। विकास के सभी अवरोधों को हटाकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर का चहुँमुखी विकास और सुरक्षित यातायात हमारी प्राथमिकता है। ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### प्रदेश में इंदौर की विशिष्ट पहचान : डॉ. यादव

**इंदौर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर प्रदेश में विकास, उन्नति, प्रगति, व्यापार- व्यवसाय, कला, साहित्य और संस्कृति के लिए एक विशेष पहचान रखता हैं। इंदौर से मध्यप्रदेश की पहचान है जो हमारे लिए गर्व और आनंद की बात हैं। इंदौर जो करता है सबसे अलग करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को इन्दौर प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दशहरे के मौके पर इंदौर को आज 4 फ्लाय-ओवर की बड़ी सौगात मिली हैं। यातायात की समस्या को हल करते हुए इंदौर को प्रायोरिटी पर लिया गया है। इंदौर में ट्रैफिक समस्या को देखते हुए फ्लाय-ओवर की श्रृंखला बनी है, जो निरंतर जारी रहेगी। विकास के नए पैमाने पर इंदौर के मास्टर प्लान को लेकर काम किया जा रहा है, जिसके परिणाम जल्द आएंगे।

# दिल्ली सरकार ने पटाखों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली सरकार ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए 1 जनवरी तक पटाखे के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा यह पत्र जारी किया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी गोपाल राय ने पत्र को पोस्ट करते हुए लिखा है कि सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आज से 1 जनवरी तक पटाखों के उत्पादन ,भंडारण, बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध लागू। प्रतिबंध को लेकर दिल्ली सरकार ने जारी किया निर्देश। सभी दिल्ली वालों से सहयोग का अनुरोध।

दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा जारी किए गए पत्र के मुताबिक वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31 (ए) के तहत दिल्ली के एनसीटी में विनिर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और सभी प्रकार के 'पटाखों' को फोड़ने पर प्रतिबंध लगाए जा रहा है। दिल्ली सरकार ने 1 जनवरी 2025 तक सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और उन्हें फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। दिल्ली पुलिस को निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली सरकार ने इस पत्र की कॉपी सभी विभाग और दिल्ली के उपराज्यपाल दफ्तर को भी भेजी है।

लगातार अब वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और एक्यूआई खतरनाक स्थिति में पहुंचने लगा है। दिल्ली ही नहीं बल्कि नोएडा और गाजियाबाद समेत आसपास के इलाकों में एक्यूआई खतरनाक लाल निशान के पार पहुंच गया है। आने वाले समय में यह प्रदूषण और भी ज्यादा बढ़ेगा और इससे आम जनता को सांस लेने संबंधी समस्याएं भी शुरू हो जाएंगी।

# मारो-मारो बोलकर पीछे पड़ी भीड़, अधिकारी ने भागकर बचाई जान



**सूरजपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में प्रधान आरक्षक की पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है. आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

पुलिस प्रशासन के खिलाफ लोग नारेबाजी कर रहे हैं. इसी बीच प्रदशनकारियों की एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह एसडीएम के पीछे मारो-मारो बोलकर दौड़ लगा रहे हैं. एसडीएम भीड़ के आगे दौड़ लगाकर खुद को बचाते हुए दिखाई दे रहे हैं. हत्या के आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर लोगों के अंदर रोष बढ़ता जा रहा है। जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब जिले के आदतन अपराधी कुलदीप साहू ने कोतवाली थाने ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### पहले की थी कुचलने की कोशिश

आरोपी पुलिस की कार्रवाई से नाराज था जिसके बाद वह पुलिसकर्मियों को ही निशाना बना रहा था. आरोप है कि कुलदीप साहू ने प्रधान आरक्षकों को कार से कुचलने की कोशिश की जिसके बाद उसने रात को एक आरक्षक पर खौलते तेल से हमला कर दिया. खौलते तेल के हमले के बाद आरक्षक को गंभीर स्थिति में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है. उसकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है।

उपराज्यपाल ने दिया सरकार बनाने का न्यौता

# उमर अब्दुल्ला कल लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ



**जम्मू, देशबन्धु।** जम्मू-कश्मीर की नई सरकार का 16 अक्टूबर को शपथ ग्रहण होगा। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने समारोह के लिए 16 अक्टूबर की सुबह 11.30 बजे का समय तय किया है। उपराज्यपाल की तरफ से उमर को जारी चिट्ठी में उन्हें सरकार बनाने का न्यौता दिया गया है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को, आप और निर्दलीय विधायकों ने समर्थन देने का ऐलान पहले ही कर दिया था। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने जीत हासिल की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गठबंधन का नेता चुना गया। इससे केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। जम्मू कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हट गया है। ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

भारतीय उच्चायुक्त को तलब किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया

# भारत ने कनाडा से राजनयिकों को वापस बुलाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और राजनयिकों को किसी मामले की जांच के सिलसिले में तलब किए जाने के मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय उच्चायुक्त एवं राजनयिकों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने कनाडा उच्चायोग के प्रभारी को सोमवार शाम तलब कर उन्हें दो टूक शब्दों में कहा कि उनके देश की एजेंसियों द्वारा अपने घरेलू राजनीतिक लाभ के लिए भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाने से उनकी सुरक्षा को खतरा बढ़ गया है लिहाजा भारत सरकार ने उन्हें वापस बुलाने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने बाद में एक बयान में कहा कि कनाडाई उच्चायोग के प्रभारी को सोमवार की शाम सचिव (पूर्व) द्वारा तलब किया गया था। उन्हें बताया गया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को आधारहीन निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। कनाडा उच्चायोग के प्रभारी को यह रेखांकित किया गया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में, जस्टिन ट्रूडो सरकार के कार्यों ने भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया। हमें उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की वर्तमान कनाडाई सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है। इसलिए, भारत सरकार ने उच्चायुक्त और अन्य लक्षित राजनयिकों और अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है। यह भी बताया गया कि भारत के खिलाफ उग्रवाद, हिंसा और अलगाववाद के लिए ट्रूडो सरकार के समर्थन के जवाब में भारत आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार का किया गया ऐलान

# 3 अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का पुरस्कार के लिए चयन



**स्टॉकहोम, एजेंसी।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया। उन्होंने इस बात पर नई अंतर्दृष्टि प्रदान की कि देशों के बीच समृद्धि में इतना बड़ा अंतर क्यों है तथा इस पहेली को सुलझाने में मदद करने का प्रयास किया कि क्यों कुछ देश अमीर और अन्य गरीब हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के डेरॉन ऐसमोग्लू और साइमन जॉनसन तथा अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय के जेम्स ए. रॉबिन्सन को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ऐसमोग्लू, जॉनसन और रॉबिन्सन ने देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है।

अकादमी ने कहा, जिन समाजों में कानून का शासन खराब है और संस्थाएं जनसंख्या का शोषण करती हैं, वहां विकास नहीं होता और न ही बेहतर बदलाव होता है। पुरस्कार विजेताओं के शोध से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि ऐसा क्यों होता है। पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जैकब स्वेन्सन ने कहा, देशों के बीच आय में भारी अंतर को कम करना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विजेताओं ने सामाजिक संस्थाओं के महत्व को बताया है।

अकादमी के एक बयान के अनुसार, यह एक महत्वपूर्ण कारण है कि पूर्व उपनिवेश जो कभी समृद्ध थे, अब गरीब हो गए हैं और जो गरीब थे, वो अमीर हो गए हैं। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि जब तक राजनीतिक व्यवस्था यह गारंटी देती रहेगी कि अभिजात वर्ग नियंत्रण में रहेगा, तब तक कोई भी भविष्य के आर्थिक सुधारों के उनके वादों पर भरोसा नहीं करेगा। पुरस्कार विजेताओं के अनुसार यही कारण है कि कोई सुधार नहीं होता है। हालांकि, सकारात्मक परिवर्तन के विश्वसनीय वादे करने में असमर्थता यह भी बता सकती है कि कभी-कभी लोकतंत्रीकरण क्यों होता है। अकादमी ने स्पष्ट किया, जब क्रांति का खतरा होता है तो सत्ता में बैठे लोगों को दुविधा का सामना करना पड़ता है। वे सत्ता में बने रहना पसंद करेंगे और आर्थिक सुधारों का वादा करके जनता को खुश करने की कोशिश करेंगे, लेकिन लोगों को यह विश्वास नहीं होगा कि स्थिति सामान्य होते ही वे पुरानी व्यवस्था में वापस नहीं लौटेंगे।

### संस्थाओं के समाज पर असर को दिखाया

नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने दिखाया है कि देशों की समृद्धि में अंतर का एक कारण उपनिवेशीकरण के दौरान शुरू की गई सामाजिक संस्थाएं हैं। कुछ उपनिवेशों में इसका उद्देश्य स्वदेशी आबादी का शोषण करना और उपनिवेशवादियों को लाभ पहुंचाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना था। अन्य मामलों में उपनिवेशवादियों ने यूरोपीय निवासियों के दीर्घकालिक लाभ के लिए समावेशी राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था का निर्माण किया।

# तहसील कार्यालय के गेट पर किसानों दिया धरना

**बीना, देशबन्धु।** ग्रामीण इलाके में नल-जल योजना की पाइप लाइन डाली जा रही है। जिससे को किसानों को हो रहे नुकसान की भरपाई के लिये भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन ने तहसील कार्यालय के गेट पर धरना दे तहसीलदार सुनील शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। बीना के बेरखेड़ी माफी गांव में प्रधानमंत्री नल-जल योजना के तहत किसानों के खेत में से पाइप लाइन डाली जा रही है। कुछ जगह पर पाइप लाइन खेत के बीच में से डाली जा रही है। किसानों का कहना है इस समय मिट्टी नरम होती है। भारी वाहन से खेत में खुदाई होने से यहां जमीन पर फसल होना मुश्किल है। यह कार्य गर्मी में होना चाहिये। ज्ञापन में किसानों को होने वाले फसल के नुकसान का सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की गई



है। किसानों ने सात दिनों में मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। किसान सीताराम सिंह ठाकुर ने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों से जब काम रोकने को कहा गया तो कर्मचारियों द्वारा एफआईआर की धमकी दी जा रही है जो अनुचित है। यदि किसान को परेशान किया गया तो किसान यूनियन काम को बंद करायेगा। साथ ही धमकी देने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाये। किसानों के गेट पर बैठने से आने जाने लोग परेशान हुये। इसके बाद तहसीलदार सुनील शर्मा मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उनकी समस्यायें सुनी। इस दौरान सुरेंद्र सिंह, डालचंद, बलवीर सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र सिंह, अजवीर सिंह ठाकुर, रमन सिंह मौजूद थे।

## सीएम से मिले विधायक लारिया

**सागर, देशबन्धु।** सोमवार को विधायक प्रदीप लारिया ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर नरयावली विधानसभा के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुये, जिला चिकित्सालय की रिक्तता को पूरा कराने के लिये मकरोनिया में जिला चिकित्सालय स्वीकृत कराने अथवा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मकरोनिया को 100 बिस्तरीय अस्पताल कराने एवं कड़ान मध्यम सिंचाई परियोजना की पुनरीक्षित प्राक्कलन को पुनः सधिकारी समिति में सम्मिलित कर स्वीकृति प्रदान कराने अनुरोध किया। सीएम डॉ. मोहन यादव ने विधायक के अनुरोध पर रखी गई मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया।

## बेहतर दुनिया के लिये साझा दृष्टिकोण: डॉ. अहिरवार



**बण्डा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय में इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस विश्व मानक दिवस एवं बेहतर दुनिया के लिये साझा दृष्टिकोण थीम पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की भारतीय मानक ब्यूरो की महाविद्यालयीन इकाई क्बल के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. अहिरवार ने मानक ब्यूरो और उत्पाद में मानकता के महत्व को विस्तार से अवगत कराते हुये मानक उत्पादों के अधिक से अधिक उपयोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहभागियों को शपथ दिलायी, कार्यक्रम में विगत वर्ष हुई विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गये। डॉ. अशोक पन्या ने कार्यक्रम की विषयवस्तु पर अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की संक्षिप्त रूप रेखा डॉ. स्वीटी मिश्रा में प्रस्तुत की एवं डॉ. आरके नगार्च ने बीआईएस और मानवीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन क्लब प्रभारी डॉ. विवेक द्विवेदी ने किया एवं आभार डॉ. अश्वनी दुबे ने माना। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### थोक खोवा विक्रय दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक धनीराम अहिरवाल एवं डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के संयुक्त जांच दल द्वारा शहर में थोक खोवा विक्रय की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण की कार्यवाही घंटाघर एवं उमा मिस्त्री की तलैया क्षेत्र में हुई है। घंटाघर के पास स्थित हनुमान गढ़ी स्वीट्स एवं उमा मिस्त्री की तलैया स्थित नेमा मावा भंडार में विक्रय के लिये संग्रहित समस्त खोवा एवं खोवा लड्डू के स्टॉक की गुणवत्ता की जांच मैजिक बॉक्स की सहायता से की गई है। मौके पर खोवा विक्रेताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खोवा एवं खोवा लड्डू उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### स्मार्ट सिटी के साइन बोर्ड से शहीद चंद्रशेखर आजाद का बैनर हुआ नदारद




**सागर, देशबन्धु।** मुख्य बस स्टैंड के सामने झील सौंदर्य करण के अंतर्गत स्मार्ट सिटी द्वारा विद्युतीय साइन बोर्ड लगाये गये जिससे आने जाने वाले यात्रियों और राहगीरों को शहर विकास की झलक मिल सके इन साइन बोर्ड में बीच में महात्मा गांधी और दोनों और चार-चार महापुरुषों की तस्वीरों के साथ उनके स्लोगन लिखे गये थे जो की रात्रि में बहुत ही खूबसूरत लगते थे किंतु मेंन गेट के सामने पहले साइन बोर्ड में सबसे ऊपर लगी हुई चंद्रशेखर आजाद की फोटो बैनर सहित गोल हो गई है या किसी ने चुरा ली या निकल गई किसी को पता नहीं वही लोगों का कहना है कि उक्त बैनर बाहर की ओर से नहीं साइन बोर्ड में अंदर की ओर से लगाये जाने चाहिये थे।

### पीजी पाठ्यक्रमों के लिये एक और अवसर की मांग, गौर यूथ फोरम ने उठाई आवाज

**सागर, देशबन्धु।** गौर यूथ फोरम की विश्वविद्यालय इकाई के महामंत्री अक्षत जैन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से स्नातकोत्तर पीजी पाठ्यक्रमों में खाली सीटों को भरने के लिये एक और काउंसलिंग राउंड की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विवि प्रशासन ने अंडरग्रेजुएट यूजी पाठ्यक्रमों के एडमिशन के लिये कई चरणों में काउंसलिंग आयोजित की और अंत में सभी के लिये प्रवेश प्रक्रिया खोल दी, उसी तरह पीजी पाठ्यक्रमों के लिये भी एक और अवसर देकर सभी के लिये प्रवेश खोला जाये। अक्षत जैन ने कहा कि यूजी में अतिरिक्त काउंसलिंग राउंड स्वागत योग्य और लाभकारी रहा है। वहीं पीजी की दूसरी काउंसलिंग बेअसर रही, क्योंकि उस दौरान पहली काउंसलिंग में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की फीस जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त नहीं हुई थी। इससे रिक्त सीटों की सही जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई थी। उन्होंने सुझाव दिया कि पीजी पाठ्यक्रमों में खाली सीटों को भरने के लिये सीधी प्रवेश काउंसलिंग का एक और चरण आयोजित किया जाये, जिससे प्रवेश के इच्छुक छात्रों को मौका मिल सके। गौर यूथ फोरम ने इस मांग के समर्थन में शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी को भी पत्र भेजा है।

### दो दिवस के भीतर अप्रारंभ आंगनबाड़ी केंद्र करें संचालित

**सागर, देशबन्धु।** दो दिवस के भीतर अप्रारंभ आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य शुरू करायें एवं एसडीएम ब्लॉक स्तर पर सतत समीक्षा करे। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जीआर ने दिये। उन्होंने कहा कि जिले के जिन विकास खंडों में आंगनवाड़ी भवनों का कार्य शुरू नहीं हुआ है उनका कार्य दो दिवस में शुरू करें, यदि कहीं जमीन संबंधी कोई समस्या आती है तो उस पर एसडीएम, तहसीलदार तत्काल जाकर कार्यवाही करें एवं तहसीलदार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर भवन बनाने के लिये जमीन उपलब्ध करायें। किसी भी स्थिति में आंगनवाड़ी भवन का कार्य नहीं रुकना चाहिये। छोटे-छोटे बच्चों के लिये आंगनबाड़ी भवन अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह हम सभी का दायित्व है कि आंगनवाड़ी भवन समय सीमा में बने और उसमें बच्चों का शैक्षणिक, भोजन कार्य प्रारंभ हो। समस्त एसडीएम लगातार आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करें एवं जहां भी कोई भी परेशानी आती है तत्काल प्रतिवेदन बनाकर प्रस्तुत करें जिससे कि कार्य न रुक पाये। इसके अतिरिक्त सभी एसडीएम अपने ब्लॉक में अस्पताल, स्कूलों, हॉस्टल आदि का भी नियमित निरीक्षण करें।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला

**सागर, देशबन्धु।** ग्राम पामाखेड़ी के पास रेलवे ट्रैक पर रविवार रात युवक का शव मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर अस्पताल भेजा। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पामाखेड़ी के पास रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा था। शव देख रेलकर्मी ने मामले की सूचना रेलवे स्टेशन पर दी। जिसके बाद मोतीनगर पुलिस को घटनाक्रम की सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे ट्रैक पर पड़े शव का पंचनामा बनाया गया। जांच के दौरान मृतक की पहचान गुड्डू पिता केशव अहिरवार 22 निवासी पामाखेड़ी के रूप में हुई है। युवक रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा। उसकी मौत हादसे में हुई है या फिर आत्महत्या की वजह से इसकी जानकारी किसी को नहीं है। मृतक के परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि मृतक शाम को घर से निकला था। वह रेलवे ट्रैक पर कब और क्यों गया था, पता नहीं है।

# अनियंत्रित होकर कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुये नदी में गिरी, ड्राइवर घायल




**रहली, देशबन्धु।** रहली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुये सुनार नदी में गिर गई। दुर्घटना में कार में सवार ड्राइवर घायल हुआ है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला जांच में लिया। घटना रविवार देर रात की है। सोमवार को नदी से दुर्घटनाग्रस्त हुई कार को बाहर निकाला गया है। जानकारी के अनुसार रहली-जबलपुर बायपास पर स्थित सुनार नदी पर बने बड़े पुल पर रविवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई। ड्राइवर जब तक कार को संभालता वह पुल की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 30 फीट नीचे नदी में जा गिरी। दुर्घटना में ड्राइवर घायल हुआ। घटना देख राहगीर मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल ड्राइवर को रहली अस्पताल भेजा। रहली अस्पताल के ड्यूटी डॉ. संदीप असाटी ने बताया कि नदी में कार गिरने से ड्राइवर घायल हुआ था। जिसने अपना नाम यश उर्फ राहुल ठाकुर उम्र 30 साल निवासी मकरोनिया होना बताया है। दुर्घटना में उसको चेहरे में मामूली चोटे आई हैं। प्राथमिक उपचार दिया गया है। वह खतरे से बाहर है। प्राथमिक तौर पर ड्राइवर नशे की हालत में प्रतीत हो रहा था।

## शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी



**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के जोन क्र. 1 में कार्यरत सफाई संरक्षक रेखा राजेश के आकस्मिक के निधन पर नगर निगम सभाकक्ष में शोकसभा आयोजित की गई जिसमें अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा दो मिनिट का मौन धारण कर उनकी आत्मा शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में उपायुक्त वित्त हेमलता पटैल, कार्यालय अधीक्षक आरबी जोशी, सुदेश सनकत, राजेन्द्र सनकत, अभिषेक तिवारी, बालकृष्ण शर्मा, अखिलेश्वरनाथ शुक्ला, हरेन्द्र खटीक आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधायक ने किया भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन मध्यान भोजन पर बयान जारी



**देवरीकलां, देशबन्धु।** देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने बच्चों को गुणवत्ताहीन और खराब भोजन वितरित करने वाले समूहों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि वे ऐसे समूहों के खुलकर विरोधी हैं और भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हाल ही में देवरी क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में रेवा स्व सहायता समूह द्वारा बच्चों को घटिया गुणवत्ता का भोजन बांटे जाने की खबर सामने आई थी। इस मामले में पत्रकारों द्वारा रिपोर्ट प्रकाशित की गई, जिसके बाद समूह संचालक तेजराम पटेल ने एक पत्रकार को धमकी दी। इस धमकी के खिलाफ देवरी के पत्रकारों ने संगठित होकर समूह संचालक पर एफआईआर दर्ज कराने और समूह को हटाने की मांग करते हुये एसडीओपी एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पत्रकार सतीश सेन द्वारा विधायक बृज बिहारी पटेरिया से फोन पर संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी गई। इसके जवाब में विधायक पटेरिया ने स्पष्ट तौर पर बयान जारी किया है कि रेवा स्व सहायता समूह जो आंगनबाड़ियों में खराब भोजन वितरित कर रहा है, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। वे इस लापरवाह समूह को आंगनबाड़ियों के भोजन वितरण कार्य से हटवाने का निर्देश देंगे। विधायक पटैरिया ने यह भी स्पष्ट किया कि वे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के सख्त विरोधी हैं और ऐसा कोई भी समूह जो गरीब बच्चों को खराब भोजन वितरित कर रहा है, उसके खिलाफ कठोर कदम उठाये जायेंगे। अगर ऐसे समूह स्वयं मध्यान भोजन वितरण कार्य नहीं छोड़ते, तो अधिकारियों को निर्देश देकर उनके खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। मैं देवरी विधानसभा में भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूंगा और बच्चों के पेट का निवाला छीनने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जायेंगे।

## प्रोडक्ट ब्रांडिंग पर विशेष व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी का हुआ आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग में डॉ. रोमी सैनी, प्रोफेसर ब्रांडिंग स्पेशलिस्ट जयपुरिया इंस्टीट्यूट के द्वारा ब्रांडिंग पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन हुआ। सत्र का प्रारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. वायएस ठाकुर द्वारा किया गया, जिन्होंने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और अतिथि डॉ. रोमी सैनी का परिचय दिया। डॉ. रोमी सैनी ने ब्रांडिंग, इसके घटक और ब्रांडिंग से संबंधित केस स्टडी के बारे में बताया तथा छात्रों के ब्रांडिंग से संबंधित जो भी प्रश्न थे उनके जबाव दिये। इससे सबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया। बीबीए ऑनर्स के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने डॉ. सैनी द्वारा दी गई जानकारी को महत्वपूर्ण बताया जो उनके भविष्य में उपयोगी होगी। इसके पश्चात मयंक सिंह राजपूत रिसर्च स्कॉलर द्वारा व्याख्यान के लिये आभार प्रकट किया गया।

## मासिक शारीरिक माप दिवस का आयोजन 10 से 21 अक्टूबर तक



**देवरीकलां, देशबन्धु।** देवरी नगर की आंगनबाड़ी में चलया जा रहा है आंगनबाड़ी सेवा अंतर्गत जन्म से 06 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिये प्रत्येक माह 10 कार्य दिवस में मासिक शारीरिक माप दिवस का आयोजन परियोजना देवरी महिला बाल विकास द्वारा 10 से 21 अक्टूबर तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर किया जा रहा है। जिसमें आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र अंतर्गत पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत जन्म से 06 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त बच्चों का बजन लेकर उसकी एंट्री पोषण ट्रैकर ऐप में की जा रही है। अभियान के दौरान प्रत्येक पर्यवेक्षक द्वारा अपने क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन वाले में एक-एक दिवस केंद्र स्तर पर उपस्थित होकर समक्ष में विशेष रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से पूर्व माह में चिन्हित सेम मेंम कम वजन एवं ठिगनापन श्रेणी वाले बच्चों की सटीकता के साथ वजन और लंबाई ऊंचाई लेकर पोषण ट्रैक्टर में प्रविष्टि सुनिश्चित कराई जा रही है। अभियान के दौरान महाकाली वार्ड आंगनवाडी केंद्र में चिन्हित सेम बच्चे रिधिक सोनी को पोषण पुनर्वास केंद्र स्वास्थ्य जांच के लिये भेजा गया।

## शराब बेचने ओर पीने पर प्रतिबंध, शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर लगाया जायेगा जुर्माना

**गौरझामर, देशबन्धु।** देवरी विधानसभा के ग्राम नयानगर सरदई से मामला प्रकाश में है। जहां शराबियों के आतंक से परेशान होकर ग्रामीणों ने पंचायत बुलाकर शराबबंदी का फैसला किया है। ग्रामीणों द्वारा लिये गये सामूहिक फैसले के मुताबिक ग्राम में शराब पीना बेचना वर्जित रहेगा अगर ऐसा करते पाया जाता है तो पुलिस को सूचना देकर दंडात्मक कार्यवाही कराई जायेगी। ग्राम में जुआ खेलने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। गौरतलब है कि जनकपुर के ग्रामीणों द्वारा ग्राम में पाबंदी लगा दी गई है जिसका पत्र ग्रामीणों द्वारा क्षेत्रीय विधायक बृजबिहारी पटेरिया को सौंपा था। शराबियों के उत्पात मचाने को लेकर ग्रामीणों ने बड़ा फैसला लिया है। ग्राम में अगर कोई शराब पीकर उत्पात मचाता है तो पहली बार 5,000 दूसरी बार 10,000 जुर्माना लगाया जायेगा और अगर तीसरी बार गलती करता है तो 1 साल के लिये जातपात से बंद करने का निर्णय ग्रामीणों ने लिया है, विधायक देवरी के नाम लिखे पत्र में ग्रामीणों ने बाकायदा दस्तकत किये हैं। जहां ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है।

## निः शुल्क श्वांस, दमा, खांसी अस्थमा शिविर 17 को

**सागर, देशबन्धु।** स्वामी प्रेमदास साहिब थल्हा दरबार द्वारा 17 अक्टूबर शरद पूर्णिमा की रात को सत्संग भवन राधेश्याम भवन बजाज शोरूम के बाजू में निःशुल्क श्वांस, दमा, खांसी अस्थमा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में चावल दूध के हलवे के साथ चित्रकूट से जड़ी बूटी की दवा खीर पूर्णीमा की किरणों में रखी जाती है मानव जाति की मुफ्त सेवा के रूप में शुद्ध स्वच्छ और संगठित तरीके से तैयार करके परोसी जाती है। यह संस्था पिछले 26 वर्षों से गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में इन शिविरों का आयोजन कर रही है। रोगियों की रिपोर्ट के अनुसार इस जड़ी बूटी की दवा से बहुत फायदा हुआ है। लाभ प्राप्त करने के इच्छुक मरीजों को पंजीयन करान अनिवार्य है। टोकन नम्बर प्राप्त करने के लिये 15 एवं 16 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक इन मोबाईल नम्बर पर 8269561605, 7415245445 संपर्क कर सकते हैं। बिना पंजीयन दवाई नहीं दी जायेगी, पंजीयन उपरांत दवाई पैक करके 18 अक्टूबर को प्रातः काल 4 बजे से दवाई दी जायेगी। गर्भवती महिलाओं के लिये इस दवा का सेवन निषेध है।

## रखरखाव कार्य के लिये बिजली बंद रहेगी

**रहली, देशबन्धु।** 132 केव्ही सागर रहली में दीपावली पर्व के पूर्व रख रखाव के लिये मंगलवार को प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। रखरखाव के कारण छिरारी, चांदपुर एवं रहली ग्रामीण क्षेत्र की बिजली बंद रहेगी। कार्यपालन अभियंता रहली द्वारा उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# दशहरा प्रेरित करता है कि अपने जीवन में सत्य, धर्म व अच्छाई का हर हाल में पालन करते रहें: डॉ. सिरोठिया

**सागर, देशबन्धु।** मां भगवती का एक नाम विजया भी है और पौराणिक कथाओं के अनुसार कहा जाता है की मां भगवती ने नवरात्रि और 10 दिन तक युद्ध करके महिषासुर नाम के असुर का विनाश किया था और यह असत्य पर सत्य की पहली जीत थी तथा इसी दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध किया था और 10 सिर होने के कारण इसे दशहरा कहा जाता है और यह अधर्म पर धर्म की पहली जीत थी। यह बात डॉ. श्याम मनोहर सिरोठिया ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1552 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 230 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। दशहरा पर्व पर बधाईयां देते हुये डॉ. सिरोठिया ने कहा कि यह पर्व हमें प्रेरित करता है कि असत्य पर सत्य की विजय, अधर्म पर धर्म तो बुराई पर अच्छाई की विजय सुनिश्चित है। काव्य पाठ करते हुये कहा अपने अपने भीतर बैठे रावण को, हम सभी जलायें। निर्विकार हो जीवन शैली, विजयादशमीं पर्व मनायें। नहीं किसी से कभी हारती, मानव के मन की अच्छाई। रावण का वध किया राम ने हुई पराजित सकल बुराई। काव्य संगोष्ठी के संचालक सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य पाठ करते हुये संगोष्ठी का श्री गणेश किया। दमोह से डॉ. प्रेमलता नीलम ने सस्वर भक्ति भाव से पूर्ण मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। स्वागत भाषण में रीवा से डॉ. बारे लाल जैन ने समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुये स्व.मणीकांत चौबे को इस संगोष्ठी की विगत तीस वर्षों से निरंतर आयोजित करने का श्रेय देते हुये स्मरण किया तथा शुभकामनायें प्रेषित की कि यह संगोष्ठी सालों-सालों तक निर्बाध रुप से जारी रहे और समाज में आपसी प्रेम सद्भाव व समरसता की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान देता रहे। गोष्ठी में काव्य पाठ के लिये पलामू डालटनगंज झारखंड से किरण राज, रीवा से डॉ. जिनेश जैन संघर्षी, टीकमगढ़ से प्रेम घनघोरिया, पृथ्वीपुर से रविशंकर बिलगैया, बडामलहरा से डॉ. देवदत्त द्विवेदी, खुरई से डॉ. राजेन्द्र मलैया नमन, सागर से डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक, पूरन सिह राजपूत, मणीदेव ठाकुर, अबरार अहमद, देवकी नन्दन रावत, सुनीला सराफ, प्रभात कटारे, महबूब ताज ने काव्यपाठ किया। संगोष्ठी में उपस्थित साहित्य मनीषी व प्रबुद्धजनों ने कवियों का उत्साह वर्धन किया। सागर से कृष्णकांत बख्शी ने आभार व्यक्त किया।

## हल्की बारिश के साथ दिनभर छाये रहे बादल

**सागर, देशबन्धु।** मानसून की विदाई होने के बाद सागर के मौसम में बदलाव आया है। पिछले दो दिनों से बादलों की आवाजाही हो रही है। सोमवार सुबह से बादल छाये रहे। दोपहर के समय आसमान में काले घने बादलों की आवाजाही शुरू हुई। जिसके बाद कुछ देर के लिये हल्की बारिश हुई, इस वजह से माहौल में ठंडक घुल गई। अचानक बदले मौसम से किसान की चिंता बढ़ गई है। क्योंकि मक्का और सोयाबीन की फसल की कटाई चल रही है। बारिश होने से फसल को नुकसान हो सकता है। सागर का अधिकतम तापमान 31.32 डिग्री के बीच बना हुआ है। वहीं न्यूनतम पारा 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार लो प्रेशर एरिया डिप्रेशन में बदल गया है। वहीं ट्रफ भी गुजर रही है। इस कारण से बारिश हो रही है। अगले 24 घंटों में प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में ऐसा ही मौसम बना रहेगा। 20 अक्टूबर से वातावरण में ठंड का असर बढ़ने की संभावना है। हालांकि दिन का तापमान 33.34 डिग्री के बीच बना रहेगा। अक्टूबर माह के आखिर में दिन के तापमान में गिरावट होने का अनुमान है।

## पटाखे की दुकानों के बीच रहे पर्याप्त दूरी, बिजली, लूज वायर की कर लें जांच: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** रहवासी क्षेत्रों में पटाखों का स्टॉक, गोदाम, दुकान आदि न हो एवं पटाखों की दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रहे। साथ ही बिजली लूज वायर की जांच भी कर लें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जीआर ने दिये। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आतिशबाजी, पटाखे की दुकानों में पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित किये जायें। सभी एसडीएम, जनपद पंचायत के सीईओ एवं नगर पालिका के सीएमओ विशेष रूप से ध्यान रखें कि पटाखों का स्टॉक रहवासी इलाके में न हो एवं जितनी संख्या में उनका लाइसेंस दिया गया है, उतनी ही संख्या में आतिशबाजी का स्टॉक रखा जाये। सभी गोदामों में सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध हैं या नहीं यह भी जांच लें। सुरक्षा प्रबंधों में तनिक भी कमी या लापरवाही पाये जाने पर तत्काल सख्त कार्यवाही करें। पटाखों की दुकानों में पर्याप्त दूरी सुनिश्चित की जावे एवं सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध रखें। उन्होंने कहा कि आतिशबाजी दुकानों के परिसर में 24 घंटे फायर ब्रिगेड रहे साथ में एंबुलेंस भी तैनात रहे। दो दिवस के अंदर सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी दुकान या गोदाम रहवासी क्षेत्र में नहीं है एवं सभी के लाइसेंस की वैधता एवं स्टाक की जानकारी लेकर जांच करें।

# 14 रोजगार सहायकों को एक साल से नहीं मिला वेतन, संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**मालथौन, देशबन्धु।** जनपद पंचायत मालथौन के 14 रोजगार सहायकों को एक साल से वेतन नहीं मिलने से दर-बदर की ठोकरे खाने को मजबूर है। परेशान रोजगार सहायकों की समस्या लेकर सचिव एवं रोजगार सहायक संघ ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनके खाते वेरिफाई करवाने व वेतन दिलाये जाने की मांग उठाई है। खुरई विधानसभा क्षेत्र में जनपद पंचायत मालथौन की 14 ग्राम पंचायतों को मिलाकर तीन अलग-अलग नगर परिषद बनाई गई थी। मालथौन, बांदरी और बरोदियाकलां बनाई थी। उक्त पंचायतों में पदस्थ रोजगार सहायक रिक्त पंचायत में न पदस्थ कर उन्हें नगर परिषदों में भेज दिया गया। कुछ महीनों बाद रोजगार का नगर परिषदों ने वापिस जनपद पंचायत भेज दिया गया कि निकाय में इनका संविलियन नहीं हो सकता हैं। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा



इन्हें रिक्त पंचायतों में 04 अक्टूबर 23 को आदेशित कर पंचायतों में पदस्थ कर दिया इनसे काम कराया गया फिर कुछ महीनों बाद इन्हें रामभरोसे छोड़ दिया वेतन नहीं दिया गया। बेचारे रोजगार सहायक एक साल से दरबदर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं जनपद जिला पंचायत अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नगर परिषदों से आये 14 ग्राम रोजगार सहायकों 04 अक्टूबर 2023 में ग्राम पंचायतों में पदस्थ किया गया था जिनके आज दिनांक 14 अक्टूबर 2024 तक न तो जिला पंचायत से खाते वेरीफाई नहीं कराये गये है न वेतन का भुगतान किया गया है एवं 14 ग्राम रोजगार सहायकों की आर्थिक स्थिति अति दयनीय हो चुकी है। ग्राम रोजगार सहायकों के खाते जिला पंचायत से वेरीफाई कराकर वेतन भुगतान कराया जाये। यदि वेतन भुगतान नहीं किया जाता है आर्थिक तंगी से परेशान होकर कोई रोजगार सहायक कोई गलत कदम उठता है इसका जिम्मेदार शासन प्रशासन जिला पंचायत की होगी। ज्ञापन देने वालो में अनेक रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिव शामिल रहे।

## सार समाचार

### डीजे बजाने से रोकने पर मां-बेटे को पीटा

**बडामलहरा, देशबन्धु।** भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया में सोमवार को तेज आवाज में डीजे बजाने पर विवाद होने पर मां बेटे की पिटाई कर दी गई। बताया गया है जहां डीजे बज रहा था वही पास में एक घर में बेटे की गमी हो जाने से डीजे को बंद कराने का प्रयास किया गया। विवाद में रवि लोधी पुत्र बाबूलाल लोधी 27 वर्ष और उसकी मां गोली बाई पत्नी बाबूलाल 45 वर्ष को भागचंद लोधी व मुकेश लोधी ने पीट दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 18 को असाटी दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** 18 अक्टूबर शरद पूर्णिमा पर शिव शक्ति वाटिका में असाटी दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को वरिष्ठ समाजसेवी डॉ रमेश असाटी ने प्रेस कांफ्रेंस में दी हैं। उन्होंने बताया सुबह शोभायात्रा निकाली जाएगी। बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे और समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। असाटी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र असाटी ने बताया इसी प्रकार के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना और समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करके प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर धनप्रसाद असाटी, कमलेश असाटी कुर्रा, नरेंद्र असाटी, सत्यम असाटी, अमित असाटी सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

### पहाड़ी पर मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर, देशबन्धु।** घुवारा चौकी क्षेत्र में किले की पहाड़ी पर एक युवक का रक्तरंजित शव मिला है। मृतक के परिजनों ने कुछ लोगों के नाम बताकर, जमीनी विवाद के चलते हत्या का संदेह जाहिर किया है। जानकारी के मुताबिक मृतक श्रीराम पुत्र जगदीश चौबे घुवारा के गंज मोहल्ले का रहने वाला है। श्रीराम शनिवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे से लापता था, जिसका शव घर से कुछ दूर किले की पहाड़ी पर रविवार को मिला है। जगदीश चौबे का आरोप है कि जमीन की बुराई ओर घुवारा निवासी द्वारिका चौबे, छोटे दादा, हन्नू उर्फ हनुमत रैकवार और दुर्गेश घोषी द्वारा श्रीराम की हत्या की गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### पीएचई के कर्मचारी के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**छतरपुर, देशबन्धु।** बिजावर नगर अस्पताल के सामने किराए के मकान में रहने वाले पीएचई विभाग के टेक्नीशियन निवास मंडल के घर को निशाना बनाकर चोर लाखों की संपत्ति चोरी कर ले गए हैं। श्री मंडल ने बताया वे दशहरे का त्यौहार मनाने 10 अक्टूबर को पन्ना जिले में स्थित अपने गृह ग्राम गए थे। 13 को सुबह जब वापिस आए तो मेन गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर पता चला कि गोदरेज की अलमारी का ताक टूटा और सारा सामान बिस्तर पर बिखरा पड़ा है। अलमारी में रखे 5 हजार रुपए नगद सहित 4 से 5 लाख रुपए कीमत के आभूषण गायब हैं। श्री मंडल ने बताया गोदरेज की अलमारी की चाबी उनके बिस्तर पर तकिए के नीचे रखी थी, चोरों ने इसी चाबी से आलमारी को खोला। चोर ने सिर्फ अलमारी को ही लक्ष्य बनाया, बाकी पूरा सामान यथावर रखा मिला है। पुलिस ने मौका-मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालकर मामले की विवेचना शुरु कर दी है।

### घर में घुसकर युवक को बेरहमी से पीटा

**छतरपुर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र नौगांव के ग्राम मऊसहानियां में मामूली विवाद के बाद कुछ युवकों ने एक घर में घुसकर युवक की बेरहमी से पिटाई करके उसे बुरी तरह से घायल कर दिया है। घायल युवक को ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मऊसहानियां निवासी पवन यादव का कुछ लोगों से बाद विवाद हो गया। जो मौके पर मौजूद लोगों की समझाइश पर शांत हो गया। देर शाम गौरव कुशवाहा, अभिषेक गोस्वामी सहित कई लोगों ने पवन यादव के घर में घुसकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर घायल पवन को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की रिपोर्ट पर आरोपी गौरव कुशवाहा और अभिषेक गोस्वामी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

अधिकारियों की क्लास, लापरवाहों की वेतन रोकने दिये नोटिस

# अधिकारी हितग्राहियों से बात कर करें शिकायतों का निराकरण: कलेक्टर



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में टीएल बैठक लेकर अधिकारियों की क्लास ली और निर्देश दिए हैं। इस दौरान लापरवाह अधिकारियों की एक दिन की वेतन काटने सहित नोटिस दिये गये हैं।

उन्होंने कहा अधिकारी हितग्राहियों से बात करके शिकायतों का निराकरण करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित अन्य विभागीय जिलाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कृषि एवं मार्कफेड अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में खाद की उपलब्धता बनाए रखें। जिससे खाद वितरण में कृषकों को कोई समस्या न हो। एसडीएम को सोयाबीन उपार्जन पंजीयन के सत्यापन कराने के निर्देश दिए गये। उन्होंने कहा ब्लॉक स्तर पर छात्रावास, अस्पताल की व्यवस्थाएं चेक की जाये। प्रत्येक गांव की एक घण्टे से ज्यादा बिजली कटौती की जानकारी दी जाये। कलेक्टर ने सीएमएचओ को जिले में डेंगू की रोकथाम और निगरानी के लिए ब्लॉक स्तर पर टेस्टिंग कराने और दवाईयों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।

**किसी की वेतन रोकी तो कई को दिए नोटिस :** कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की जानकारी सही ढंग से अपलोड न करने पर डीपीएम की वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह समग्र ई-केवायसी में की प्रोग्रेस कम होने पर नौगांव सीएमओ की भी वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा व प्रसूती सहायता राशि के लंबित भुगतान को लेकर बीएमओ को कारण बताओ नोटिस भी दिया। वहीं बकस्वाहा के अंतर्गत कम आयुष्मान कार्ड बनाए जाने पर जनपद सीईओ को भी कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिये गये।

**पानी की शुद्धता पर विशेष ध्यान दें:** कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए पानी की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने, सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं और कानून व्यवस्था भी स्थिति सुदृढ़ रखें। कलेक्टर ने अधिकारियों से टूर डायरी भेजने और पटवारियों को पंचायतों में हफ्ते में एक दिन बैठने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिंचाई विभाग को नहरों की सफाई व मरम्मत कराने के निर्देश देते हुये एसडीएम से कहा कि नहर बीच में कहीं अवरूद्ध न हो, कोई मोटर आदि न लगाए। पानी अंतिम छोर तक पहुंचे। कलेक्टर ने भू-अर्जन के मामलों को प्राथमिकता से निपटाने पर भी जोर दिया।

# हाईवे किनारे खड़े ट्रक से कार टकराई, एएसआई की मौके पर मौत






**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार की देर रात करीब 12 बजे सागर-कानपुर नेशनल हाइवे पर मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम चौका के पास एक दर्दनाक सडक हादसा हो गया। जिसमें सडक किनारे खडे एक ट्रक से कार टकरा जाने से छतरपुर पुलिस के एक एएसआई की मौके पर ही मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार ढाढरी गांव निवासी लवकुश सिंह चंदेल पुत्र प्रीतम सिंह चंदेल एसपी आफिस की डीपीओ शाखा में एएसआई के पद पर पदस्थ था। उसकी डयूटी 22 अक्टूबर को सागर में होने जा रही आरक्षक फिजिकल टेस्ट में लगी थी। रविवार की रात साढ़े 11 बजे वह अपनी अल्टो कार क्रमांक एमपी 17 सीबी 8115 से सागर जाने के लिए निकला था। रास्ते उसे कुछ सामान छूट जाने की याद आई तो वह 12 बजे वापस लौटा। तेज गति से जा रही कार रिलांयस पेट्रोल पंप के पास सडक पर खड़े ट्रक क्रमांक एचआर 63 ई 9752 के पीछे से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगने से कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और एएसआई की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी लगते ही 100 डायल वाहन मौके पर पहुंचा और एएसआई लवकुश के शव को बाहर निकाला। सोमवार की सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। मर्ग कायम करके पुलिस घटना की

# रास्ते में रोककर युवक को लाठियों से पीटा

**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव नगर के ग्वालटोली निवासी रोहित यादव को ग्राम धरमपुरा के पास रास्तें में रोककर बेरहमी से लाठियों से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया गया है। ग्वालियर मेडीकल कालेज में भर्ती युवक की हालत गंभीर बनी है। प्रद्युम्न यादव ने बताया कि उसके भाई रोहित यादव को धरमपुरा गांव के नजदीक पुल के पास रास्ते में रोककर अश्वनी मिश्रा सहित अन्य युवकों ने बेरहमी से लाठियों से पीटकर घायल कर दिया है। बेहोश रोहित को मरा समझकर आरोपी युवक वहां से भाग गए। घटना की सूचना पर पुलिसे घायल रोहित यादव को नौगांव के अस्पताल लाई वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर मेडीकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कूड़े के ढेर में बिलखती मिली नवजात, अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर, देशबन्धु।** घुवारा कस्बे के वार्ड नंबर 6 में सोमवार की सुबह बड़े तालाब के पास कूड़े के ढेर में एक नवजात मासूम कपडे में लिपटी मिली है। जिसे मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घुवारा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद मासूम को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को अलसुबह कोई अज्ञात व्यक्ति नवजात मासूम को कचरे के ढेर पर फेंककर भाग गया था। राहगीरों ने मासूम के रोने की आवाज सुनकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपथाना घुवारा प्रभारी प्रमोद रोहित ने बताया ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपी का पता लगाया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार मासूम की हालत में सुधार हो रहा है, उसकी पूरी देखभाल की जा रही है। लोगों ने इस मामले में गहरी नारजगी जताकर कडी निंदा करते हुये दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# धीरेंद्र शास्त्री बोले-भारत में 2 ही जातियां चलेंगी एक अमीरी और दूसरी गरीबी



**छतरपुर, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा अब भारत में जात-पात, ऊंच-नीच, छुआछूत, भेदभाव को हम मिटा के ही रहेंगे। सरनेम तो सबके रहेंगे, लेकिन अगर सरकार को जाति बनाने का शौक है तो दो जातियां ही चलेंगीं अमीर की और गरीब की। वे बागेश्वर धाम पर आयोजित दिव्य दरबार में हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा ऐसा हो जिससे भारत का विकास हो और भारत समृद्ध हो। गरीबों के साथ अन्याय और अत्याचार न हो। वर्तमान में हो रहे अंधविश्वास को इसी बल पर रोका जा सकता है। पं धीरेंद्र कृष्ण ने कहा कोई भी सरकार काम नहीं करेगी, अब तुम्हें खुद सरकार बनना पड़ेगा।

### सूरजपुरा में केन नदी के घाट पर मौन साधना तोड़ी

**खजुराहो, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सूरजपुरा गांव में केन नदी के दिवाले घाट में स्नान व पूजा अर्चना करके नवरात्र के 9 दिनों से चल रही अपनी मौन साधना तोड़ी। ग्राम पंचायत सचिव संजय मिश्रा ने पीठाधीश्वर का स्वागत वंदन किया और दिवाले घाट परिसर मंदिर में पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्य व सौंदर्यीकरण की जानकारी दी, जिसकी पीठाधीश्वर ने सराहना की। उनके दिवाले घाट पर पहुंचने की खबर मिलते ही बडी संख्या में श्रद्धालु वहां जा पहुंचे, बाबा ने वहां मौजूद सभी लोगों को आशीर्वाद दिया।

# शिविर में की 50 मरीजों के नेत्रों की जांच, 9 को भेजा चित्रकूट



**छतरपुर, देशबन्धु।** नगर अग्रवाल समाज एवं नवयुवक मंडल द्वारा महालक्ष्मी मंदिर में सोमवार को दिनेश चंद्र अग्रवाल सर्राफ की स्मृति में उनकी पत्नी कस्तूरी देवी, पुत्र दीपक अग्रवाल व संजय उर्फ भोलू अग्रवाल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया नेत्र शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डॉ अरविंद मिश्रा, मनीष यादव, विजय पांडे, ओमकार यादव की टीम द्वारा 50 मरीजों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। 9 मरीजों में मोतियाबिंद पाए जाने से लेंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट भेजा गया है। अन्य मरीजों को आवश्यक सलाह सहित दवा और चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, हरिप्रकाश अग्रवाल, अग्रसेन सेवाश्रम ट्रस्ट अध्यक्ष जयनारायण अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल सन्नी, संतोष खैरी वाले, कल्लू गठेवरा, कृष्ण कुमार मुन्ना, संतोष नामदेव, सौजन्य गुप्ता ने मरीजों के रजिस्ट्रेशन, जांच, भोजन आदि की व्यवस्था में सहयोग किया।

### बॉलीवाल की नेशनल चैम्पियनशिप में खेलेंगे छतरपुर के 5 खिलाड़ी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के पांच खिलाड़ी बॉलीबॉल की नेशनल प्रतियोगिता में खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इंडियन गेम्स एंड स्पोर्टस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 11वीं नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता 15 और 16 अक्टूबर को आईपीएस कॉलेज ग्वालियर में आयोजित की जा रही है। जिसमें एक्सीलेंस स्कूल के तीन खिलाडियों प्राची साहू, देशना जैन, अभिषेक अहिरवार का चयन किया है। चैतन्य मिश्रा एवं श्रद्धा सोनी भी नेशनल प्रतियोगिता में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। पांचों खिलाड़ी नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को ग्वालियर रवाना हो गए हैं। गौरतलब है कि इन खिलाडियों ने बॉलीबाल का प्रशिक्षण एक्सीलेंस स्कूल से सेवानिवृत्त खेल प्रशिक्षक बृजेंद्र द्विवेदी के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है।

राजनगर में अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्य समाज का कार्यक्रम आयोजित

# समाज के 25 युवक-युवतियों ने दिया परिचय, 95 मेधावी बच्चे सम्मानित




**खजुराहो, देशबन्धु।** राजनगर के एक विवाह घर में अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्य समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के 25 युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपना दिया परिचय दिया, वहीं 95 मेघावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि विधायक अरविंद पटेरिया, नगर परिषद अध्यक्ष जीतू वर्मा थे। समाज इकाई अध्यक्ष राजनगर संदीप गुप्ता डहर्रा ने बताया कार्यक्रम में समाज की मोबाइल डायरेक्ट्री का विमोचन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में भाजपा युमो जिलाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी, पत्रकार आनंद अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, मुकेश पांडे, संदीप अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश पटेल, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। समाज की ओर से रमाकांत गुप्ता, कन्हैयालाल गुप्ता, हृदयेश गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पुष्पा गुप्ता, मयंक गुप्ता, राकेश लोहिया, मनोज गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, कामता प्रसाद गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**विधायक निधि से बनवायेंगे समाज की धर्मशाला:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पटेरिया ने समाज की ओर से रखी गई मांग का समर्थन करते हुये कहा समाज की धर्मशाला के लिये भूखंड उपलब्ध कराके उसका निर्माण विधायक निधि से कराया जायेगा। उन्होंने कहा आप सभी बच्चों को पढाकर उन्हें इस काबिल बनाएं कि वे नौकरी ढूढे नहीं बल्कि औरों को रोजगार प्रदान करें। मैं आपके सहयोग के लिए हरदम खड़ा हूं। राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता ने समाज के कैलेंडर की जिम्मेदारी इकाई अध्यक्ष रामप्रकाश गुप्ता मामा को दी जिसका सभी ने समर्थन किया।

# लोक भाषाएं लोक जीवन की संप्रेषक होती हैं, इसके प्रति जिज्ञासु बनें: कुलगुरु



छतरपुर, देशबन्धु। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के के सरस्वती सभागार में केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के सहयोग से हिंदी अध्ययन शाला व शोध केंद्र द्वारा हिंदी-बुंदेली मुहावरा शब्दकोश निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सबसे पहले कार्यक्रम के संयोजक डॉ बहादुर सिंह परमार ने कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यशाला को संबोधित करते हुये विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी ने लोक भाषा लोक जीवन की संप्रेषक होती है। आज की पीढ़ी को लोक भाषा को समझना और इसके प्रति जिज्ञासु बनना चाहिए ताकि इन भाषाओं को विलुप्त होने से बचाया जा सके। उन्होंने बुंदेली की मिठास व सुगंध की चर्चा करते हुए कहा कि यह लोक जीवन की सही झांकी प्रस्तुत करती है। उन्होंने संकलित सामग्री को डिजिटल करके आनलाइन प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर पटेल ने किया। अंत में आभार हिंदी विभाग के संतोष कुमार रजक ने जताया।

**कहावतों व बुंदेली मुहावरों पर प्रकाश डाला:** बुंदेली लोक कवि बाबूलाल विश्वकर्मा ने इक्यावन मुहावरों का प्रयोग कर स्वरचित गारी का सस्वर गायन किया। बुंदेली कवि कल्याण दास साहू पोषक पृथ्वीपुर ने बुंदेली मुहावरों युक्त रचना सुनाकर लोकभाषा में मुहावरों का महत्व रेखांकित किया। बुंदेली कवि डा राघवेन्द्र उदैनिया ने सांसी कई तो बिंदी धरी रचना से मुहावरों को प्रस्तुत किया। पं प्रेमनारायण मिश्रा बगमऊ ने लोक साहित्य संकलन के संस्मरण सुनाये। डॉ दयाराम वर्मा बेचैन स्यावरी मऊरानीपुर ने कहावत व मुहावरों का अंतर स्पष्ट करके बुंदेली मुहावरों से भाषा में चमत्कार पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष प्रो पुष्पा दुबे ने बुंदेली भाषा के सामर्थ्य को बताकर इसकी व्याकरण व शब्द सामर्थ्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो गायत्री बाजपेई, अतिथि विद्वान डॉ दशरथ प्रसाद अहिरवार और दिव्यांश खरे के साथ शोधार्थी सरोज पटेल, सुरेखा अहिरवार, मिथलेश स्नेही, कल्याण, आदित्य, शेर सिंह, ब्रजविट्ठल व विद्यार्थी राजेश्वरी, दयाशंकर, पवन, सोम आदि उपस्थित रहे ।

सागर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# धार्मिक उन्माद की बलि चढ़ते युवा

उत्तर प्रदेश के बहराइच के महराजगंज कस्बे (महसी तहसील) में दुर्गा विसर्जन पर गाने-बजाने को लेकर दो समुदायों में हुई भिड़ंत से उपद्रव हो गया। एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, तो वहीं एक गम्भीर रूप से घायल है। इसके कारण पूरे जिले में बवाल मचा हुआ है। जुलूस में शामिल लोगों का आरोप है कि एक घर से उन पर पथराव किया गया इसलिये मामला बिगड़ा। यह भी आरोप है कि एक समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24 वर्ष) नामक युवक को घर के भीतर घसीट ले गये जहां उसको गोली मार दी गई। उसकी वहीं मौत हो गई। उसे बचाने गये 28 साल के राजन को भी गोली मारी गई। वह गम्भीर रूप से ज़ख्मी है। दूसरी तरफ ऐसे वीडियो भी वायरल हुए हैं जिसमें दिख रहा है कि वह युवक (रामगोपाल) एक घर की छत पर चढ़कर इस्लामी झंडा खींचकर गिरा रहा है और उसके साथ ही भगवा झंडा फहरा रहा है। दूसरे पक्ष का कहना है कि मामला इसी कारण से हिंसक टकराव में बदल गया। कई जगहों पर आगजनी हुई है तथा प्रदर्शन किये गये। पुलिस ने कई जगहों पर लाठियां भी चलाईं।

बहराइच की यह घटना पिछले कुछ वर्षों से युवाओं को भड़काने तथा उन्हें उन्मादी बनाने के व्यापक षड्यंत्र का परिणाम ही प्रतीत होता है। देखा गया है कि धार्मिक जुलूसों के दौरान कुछ न कुछ ऐसा बवाल होता है या पैदा कर दिया जाता है जिससे मुठभेड़ की नौबत आ जाती है। खासकर, मस्जिदों के सामने से गुजरते हुए या समुदाय विशेष के मोहल्लों से निकलते हुए भड़काऊ नारे लगाये जाते हैं या काम किये जाते हैं ताकि दूसरे वर्ग में नाराजगी फैले। पुलिस की कार्रवाई भी कई बार एकतरफा होती है। जिन घरों या इलाकों से पथराव करने के आरोप लगाये जाते हैं, उन क्षेत्रों में गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो जाता है। बहुत से ऐसे वीडियो सामने आये हैं जिनमें पता चलता है कि पुलिस स्टेशनों में उनकी पिटाई भी की जाती है। यह नागरिक अधिकारों का हनन एवं कानूनों का सरासर उल्लंघन है।

ऐसी घटनाएं किन लोगों की शह पर होती हैं, यह इसी बात से समझा जा सकता है कि बहराइच में उन्मादी भीड़ पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग और दूसरी तरफ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जय-जयकार कर रही थी। निश्चित रूप से यह खतरनाक स्थिति है। अब तक तो यह भी देखा जाता रहा है कि ऐसे मामले होने पर, वह भी विशेषकर उत्तर प्रदेश में शिकायत दर्ज होते ही, बुलडोज़रों से आरोपियों के घरों को ध्वस्त कर दिया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले के बाद ऐसी गैरकानूनी कार्रवाइयां फिलहाल स्थगित हैं। इसके बावजूद आरोपी, जो एक समुदाय विशेष के होते हैं, अन्य तरीकों से पुलिस एवं प्रशासन के हाथों प्रताड़ित होते हैं।

कहना न होगा कि इनमें से ज्यादातर भारतीय जनता पार्टी एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अथवा उनके किसी अनुषंगिक संगठनों से जुड़े लोग होते हैं। प्रत्यक्ष तौर पर तो ये धार्मिक जुलूस होते हैं लेकिन इनके पीछे राजनीतिक उद्देश्य निहित हैं। ऐसे जुलूसों के जरिए सियासी मकसद साधे जा रहे हैं- यह बात जुलूस में शामिल होने वालों, खासकर युवाओं को समझनी होगी। इसी मामले को देखें तो इसमें एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। लोगों को इस बात पर गौर करना चाहिये कि बड़े नेताओं के बच्चे ऐसे फसादों से दूर रहकर अपना कैरियर बनाते हैं या फिर अच्छी नौकरियां करते हैं। कम पढ़े-लिखे, ड्रॉप आउट्स, निम्न वर्गीय परिवारों के बच्चों को ऐसे जुलूसों में लाया जाता है। दरअसल ऐसे आयोजन करने वालों के लिये उन लोगों की जानें बहुत सस्ती होती हैं जो उन्हें भड़काकर धार्मिक व पवित्र आयोजनों को हिंसक वारदात में बदलकर ध्रुवीकरण करते हैं और उनका अंतिम लाभ भी उन्हें या उनके राजनीतिक संगठनों को ही चुनावी सफलताओं के रूप में प्राप्त होता है।

पिछले दिनों गणेश विसर्जन के दौरान भी देश के कुछ हिस्सों में इसी तरह की घटनाएं हुईं। उनमें भी एक वर्ग विशेष के लोगों को दोषी ठहराया गया। यह नैरेटिव ही लोगों के दिमागों में बिठा दिया गया कि एक समुदाय विशेष के लोग पत्थरबाज होते हैं। यहां तक कि वंदे भारत जैसी ट्रेन पर पत्थर चलाने वाले कुछ शरारती तत्व थे लेकिन उन घटनाओं को कुछ इस तरह से पेश किया गया कि ये लोग भारत में ही रहकर देश की तरक्की से जलने वाले लोग हैं। इस विमर्श को यहां तक विस्तार दिया गया कि कुछ ट्रेन दुर्घटनाओं का कारण भी इन्हीं तत्वों द्वारा पटरियों में पत्थर रखना बतलाया गया।


विजयादशमी के अवसर पर आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत द्वारा जो भाषण दिया गया, वह इसी मानसिकता को उकसाने वाला था। हिन्दुओं को डराने के उद्देश्य से संघ व भाजपा बहुसंख्यकों को थोड़े से मुस्लिम समुदायों से बड़ा खतरा बताती रही है जिसका अंजाम ऐसी घटनाओं के रूप में होता है।

# भागवत की शताब्दी कथा : खतरा, खतरा, खतरा!

इस दशहरे से आरएसएस का शताब्दी वर्ष शुरू हो गया। इस मौके पर, आरएसएस के वर्तमान सरसंघचालक, मोहन भागवत के संबोधन से बहुत से लोगों ने अगर, शताब्दी पार के आने वाले वर्षों में आरएसएस की दशा-दिशा के बारे कुछ नया सुनने की उम्मीद लगा रखी थी, तो उन्हें जरूर निराशा हुई होगी। वैसे आरएसएस के भागवत काल में, जो काफी हद तक देश में मोदी के शासन का काल भी है, आरएसएस ने अपनी पहले की सार्वजनिक रौशनी तथा विशेष रूप से मीडिया से दूरी बनाए रखने की नीति को जिस तरह से बदला है और मीडिया में अपना पक्ष रखने को अपना एक महत्वपूर्ण काम बनाया है, उसके बाद से सरसंघचालक के आरएसएस के स्थापना दिवस यानी दशहरा के परंपरागत संबोधन का, उसकी दिशा के संकेतक का विशेष महत्व जाता रहा है। फिर भी यह किसी ने नहीं सोचा होगा कि शताब्दी संबोधन में संघ प्रमुख, मोदी राज के क्षमाप्रार्थी बनकर, सिर्फ और सिर्फ उसका बचाव करने की मुद्रा में नजर आएंगे।

बेशक, भागवत के दशहरा भाषण का एक अर्थ यह भी है कि कम से कम इसके बाद, पिछले आम चुनाव में मोदीशाही के फीके प्रदर्शन, भाजपा के 240 के आंकड़े पर अटक जाने तथा बहुमत के लिए एनडीए के अपने सहयोगियों पर निर्भर होकर रह जाने के बाद से मीडिया में लग रही इस आशय की अटकलों पर पूर्ण विराम लग जाना चाहिए कि आरएसएस, मोदीशाही से नाखुश है, वह मोदीशाही पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रहा है, आदि। भागवत के संबोधन से यह स्पष्ट है कि आरएसएस के मोदीशाही से लोगों की नाराजगी को, उस पर अंकुश लगाने का औजार बनाने या कम से कम उससे असंतुष्ट होने की सारी अटकलें झूठी थीं और आरएसएस प्राण-पण से मोदीशाही के साथ खड़ा है। और यह होना ही स्वाभाविक भी था क्योंकि आरएसएस को इसका बखूबी एहसास है कि मोदी राज के कंधों पर चढ़कर ही वह इस स्थिति में पहुंचा है, जहां वह 'हिंदू राष्ट्र' (और वास्तव में हिंदू राज) के अपने सपने को तेजी से न सही, रेंगकर ही सही, एक वास्तविकता में तब्दील होते देख सकता है। शताब्दी वर्ष में आरएसएस को 'आंशिक हिंदू राज' का गिफ्ट देने वाली मोदीशाही के प्रति, भागवत का इतना कृतज्ञता ज्ञापन तो बनता भी था!

बहरहाल, भागवत कोई साधारण कृतज्ञता ज्ञापन पर ही नहीं रुक गए हैं। वह मोदीशाही के खिलाफ आम चुनाव में सामने आए और उसके बाद से बार-बार रेखांकित हो रहे, जनता के असंतोष के खिलाफ तलवार बल्कि कहना चाहिए त्रिशूल लेकर मैदान में कूद पड़े हैं। इस त्रिशूल के तीन शूल हैं—खतरा, खतरा और खतरा! भागवत सचेत रूप से अपने इस संबोधन के लिए 'खतरा-कथा' का ही चुनाव करते हैं। अपने एक घंटे से लंबे संबोधन में भागवत इसका बखान करते हैं कि कैसे भारत खतरे में हैं, भारत की परंपरा खतरे में है, भारत की संस्कृति खतरे में है, भारत का समाज खतरे में है, भारत का धर्म खतरे में है। और हिंदू शब्द का प्रयोग किए बिना, सबसे बढ़कर इसका बखान करते हैं कि कैसे हिंदू खतरे में है। भारत में ही नहीं, दुनिया भर में ही और इसके लिए वह बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादतियों के बहाने, हिंदुओं को संगठित करने की महत्ता का बखान भी करते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि खतरे की यह कथा सुनाने में भागवत इस विडंबना पर तनिक भी नहीं हिचकते हैं कि मोदी राज के दस वर्ष में अगर ये खतरे इतने अर्जेंट हो सकते हैं, तो इस राज में आगे ये खतरे और ज्यादा क्यों नहीं बढ़ेंगे? और यह भी बांग्लादेश में अगर हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय, अन्याय है, तो भारत में मोदीशाही में मुस्लिम और ईसाई भी, अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ता अन्याय, अन्याय क्यों नहीं है, जिसके खिलाफ अल्पसंख्यकों का संगठित होकर प्रतिकार करना उचित और जरूरी हो!


राजेंद्र शर्मा

> आरएसएस ने औपचारिक रूप से जाति-आधारित आरक्षण के अपने विरोध को छोड़ दिया है। उसने औपचारिक रूप से यह स्वीकार करना भी शुरू कर दिया है कि अतीत में दलितों के साथ अन्याय हुआ हो सकता है और इससे उबारने के लिए आरक्षण जरूरी हो सकता है। इसके लिए, वह 'बड़ों' से खुद हानि उठाकर भी कुछ उदारता की मांग करने के लिए भी तैयार है।

बहरहाल, भागवत की इस खतरा-कथा की धार, अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने में कुछ भी नया नहीं है। यह तो आरएसएस के डीएनए में ही है। नयी न सही, फिर भी ध्यान देने वाली बात है, इस कथा में समाज के बंटने के खतरे का, जो वास्तव में हिंदुओं के ही बंटने का खतरा है क्योंकि अल्पसंख्यक तो समाज की उनकी परिभाषा से पहले ही बहिष्कृत हैं, अपेक्षाकृत नया पेच। यह पेच है, समाज के दबे-कुचले तबकों की संगठित होती आवाज के खतरे का। आरएसएस के इतिहास के जानकार बखूबी इस बात को जानते हैं कि मुसलमानों के डर की ही तरह, निचली जातियों के उभार का डर, आरएसएस को उसकी घुट्टी में मिला है बल्कि उसके संगठन की मूल प्रेरणा रहा है। फिर भी, मोदीशाही को हाल के दौर में दलितों-वंचितों की जिस तरह की मुखरता तथा सक्रिय आलोचना तथा विरोध का सामना करना पड़ा है और जिस तरह जातिगत जनगणना का मुद्दा इस परिघटना के केंद्र में आ गया है, उस पर आरएसएस के सरसंघचालक की खास निगाह रही है। इस सबकी अर्जेंसी जरूर नयी है।

बेशक, आरएसएस ने औपचारिक रूप से जाति-आधारित आरक्षण के अपने विरोध को छोड़ दिया है। उसने औपचारिक रूप से यह स्वीकार करना भी शुरू कर दिया है कि अतीत में दलितों के साथ अन्याय हुआ हो सकता है और इससे उबारने के लिए आरक्षण जरूरी हो सकता है। इसके लिए, वह 'बड़ों' से खुद हानि उठाकर भी कुछ उदारता की मांग करने के लिए भी तैयार है। लेकिन इन वंचितों का अपने अधिकारों के लिए मुखर होना और बराबरी के अधिकार के आधार पर संगठित होना, उसे हर्गिज मंजूर नहीं है। उसे सबसे बढ़कर इसी में हिंदुओं के बंटने का खतरा दिखाई देता है। यही जगह है जहां भागवत से लेकर मोदी तक, सब एक स्वर से योगी आदित्यनाथ का लगाया नारा दोहराने लगते हैं: 'बंटेगे तो कटेगे'। मुस्लिमविरोधी गोलबंदी की इससे नंगी पुकार दूसरी नहीं हो सकती है। इसी पुकार की आड़ में मनुवादी-ब्राह्मणवादी आग्रहों को, एकता की पुकार के नाम पर चलाने की कोशिश की जा रही है, जोकि हमेशा से ही आरएसएस का पैंतरा रहा है। लेकिन, आरएसएस के दुर्भाग्य से वर्तमान राजनीतिक-सामाजिक परिस्थितियां उसे आज सामने आकर जातिगत जनगणना तक का विरोध नहीं करने दे रही हैं। इसलिए, जातिगत जनगणना का जिक्र तक किए बिना, उन राजनीतिक परिस्थितियों के बांटने वाला होने का रोना-धोना किया जाता है।

बहरहाल, विभाजन का यह रोना सिर्फ सामाजिक रूप से वंचितों की आवाजों तक ही सीमित नहीं है। मौजूदा शासन की हर प्रकार की आलोचना, उसके हर प्रकार के विरोध को ही, बंटवारे के खाते में डाल दिया गया है। संघ प्रमुख के शब्दों में, 'समाज के लिए सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि समाज में विद्यमान भद्रता व संस्कार को नष्ट-भ्रष्ट करने के, विविधता को अलगाव में बदलने के, समस्याओं से पीड़ित समूहों में व्यवस्था के प्रति अश्रद्धा उत्पन्न करने के तथा असंतोष को अराजकता में रूपांतरित करने के प्रयास बढ़े हैं।' वर्तमान व्यवस्था के प्रति नागरिकों से राजशाही की प्रजा जैसी श्रद्धा की मांग करने के साथ ही यह, लोगों की चिंता तथा परेशानियों की सभी आवाजों को, 'असंतोष को अराजकता में रूपांतरित करने के प्रयास' बनाने की कोशिश है। इतना ही नहीं, भागवत ने इस 'संकट' की अपनी पहचान को, मोदीशाही के राजनीतिक मित्रों-शत्रुओं की पहचान से इस कदर एकरूप कर दिया है कि सभी विपक्ष-शासित राज्य इस 'चिंता की बात' के दायरे में आ जाते हैं। 'आज देश की वायव्य सीमा से लगे पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख; समुद्री सीमा पर स्थित केरल, तमिलनाडु; तथा बिहार से मणिपुर तक का संपूर्ण पूर्वांचल, अस्वस्थ है।'

इस सब के लिए जिम्मेदार आंतरिक शत्रुओं के रूप में कथित वोक, कल्चरल मार्क्सिस्ट आदि के नाम पर, तमाम वामपंथी, प्रगतिशील तथा जनतांत्रिक ताकतों को तो, संघ ने पहले से ही निशाने पर ले रखा था। इन संज्ञाओं के जरिए संघ अपने इन शत्रुओं को एक वैश्विक लड़ाई के खलनायक बनाने की कोशिश करता है। बहरहाल, आरएसएस के शताब्दी वर्ष में इन शत्रुओं को और भयानक बनाने के लिए, अब इनके साथ 'डीप स्टेट' का नाम और जोड़ दिया गया है। विडंबना यह है कि अक्सर डीप स्टेट की अवधारणा, जनतांत्रिक व्यवस्था के बाहर से, राज्य को संचालित करने वाली जिस तरह की षडयंत्रकारी, सैन्य-अर्द्ध-सैन्य शक्तियों की ओर इशारा करती है, उसकी परिभाषा में वर्तमान दौर में तो सबसे फिट खुद आरएसएस ही बैठता है।

बहरहाल, इस सारे रोने-धोने का एक ही मकसद है, मोदी निजाम के खिलाफ लड़ाई में अवाम को पूरी तरह से निरस्त्र करना। तभी तो मौजूदा निजाम निश्चिंतता से, मेहनतकश अवाम की कीमत पर, उन इजारेदार पूंजीपतियों और उनके देसी-विदेशी सहयोगियों की सेवा करता रह सकता है, जिनके स्वार्थों की अब तक सेवा करता आ रहा था। वर्ना पिछले आम चुनाव ने दिखा ही दिया है कि किस तरह, सांप्रदायिकता के हथियार के सहारे मेहनतकशों को बांटने की उसकी सारी कोशिशें, अवाम की अपने वास्तविक हितों की पहचान के सामने, भोंथरी साबित हो रही हैं। ठीक इसी मुकाम पर संघ अब मोदीशाही का खुलकर बचाव करने के लिए कूद पड़ा है।

आरएसएस की स्थापना के शताब्दी वर्ष का भारत के लिए एक सुफल यह भी है कि आरएसएस और मोदीशाही के बीच जो एक झीना सा पर्दा अब तक बनाए रखा जाता था, अब वह भी हट गया है। जो मोदीशाही है, वही आरएसएस है। जो आरएसएस है, वही मोदीशाही है। इस मिथ्या-द्वैध का हटना ही सरसंघचालक मोहन की, नयी भागवत का हासिल है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# वन संरक्षण के देसी उपाय

■ **सुरेश भाई**

दुनिया में जब से खेती का काम शुरू हुआ होगा तभी से वनों का महत्व इंसान की समझ में आया होगा। खेती का काम मिट्टी, पानी, गोबर के बिना नहीं चल सकता। गोबर पशुपालन से ही संभव है। पशुपालन तभी तक जिंदा है जब तक जंगल और उसके बीच में चारागाह हैं। पशुओं का गोबर भी अकेला नहीं है। उसमें भी पेड़- पौधों की पत्तियां जब पशुओं के नीचे बिछाई जाती हैं तभी खाद बनती है। इसी तरह पानी भी ग्लेशियर और पेड़ों के बीच से ही आता है जो गांव के किनारे नदियों और अन्य जलधाराओं के रूप में धीरे-धीरे बहकर आगे जा रहा है।

इसलिए खेती-बाड़ी, पानी, हवा, मिट्टी हमारा जीवन है और इसके कारखाने हमारे चारों ओर के जंगल हैं। आदिकाल से ही लोगों ने वन बचाने के लिए वन पंचायतें बनाई हैं। गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाये थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैं।

कई जगहें, खासकर पहाड़ों में जंगल के रास्ते पर लकड़ी के तराजू बने हुए हैं। जब लोग जंगल से घास, लकड़ी लेकर आते हैं तो वन-पंचायत द्वारा नियुक्त चौकीदार हरेक के बोझ को तौलता है। इसका वजन 70-80 किलोग्राम से अधिक होता है तो वन-चौकीदार बोझ से घास या लकड़ी निकालकर अलग करेगा और जिसके बोझ में कम वजन है उसमें मिला देगा। सभी लोग चौकीदार को हर फसल पर अनाज के रूप में मदद करते हैं। जून से सितंबर के बीच चारागाहों में पशुओं को नहीं भेजा जाता। इन महीनों में नई-नई घास और पौधे जंगल में उगते हैं जिनकी सुरक्षा के लिए लोग पशुओं को घर पर रखकर चारे की व्यवस्था करते थे।

> खेती-बाड़ी, पानी, हवा, मिट्टी हमारा जीवन है और इसके कारखाने हमारे चारों ओर के जंगल हैं। आदिकाल से ही लोगों ने वन बचाने के लिए वन पंचायतें बनाई हैं। गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाये थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैं।

ये बातें आजकल स्कूलों में नहीं पढ़ाई जातीं। फलस्वरूप जीवन शैली उस तरह की नहीं है जिससे पर्यावरण स्वस्थ रहे। जीवन को सुखमय बनाने वाली मिट्टी, पानी, जंगल, हवा प्रदूषणमुक्त हो। इस बारे में जितना पढ़ रहे हैं उतना ही हमारा प्रकृति के प्रति विपरीत आचरण सामने आ रहा हैं। ताजुब होगा कि जब न कोई विज्ञान का सिद्धांत था और न कोई पुस्तक और न ही इस तरह की चकाचौंध थी, जैसे कि आज हमारे चारों ओर है, लेकिन मनुष्य ने आदिकाल से ही अपनी खेती-बाड़ी के महत्व के लिए जंगलों का प्रबंधन करना शुरू कर दिया था।

वर्ष 1815 से पहले जब अंग्रेज यहां आए थे तो लोग अपनी आजीविका के लिए वनों का प्रबंधन करते थे। उदाहरण है कि 1850 तक अंग्रेज फ्रेडरिक विल्सन ने गंगा घाटी के उद्गम में स्थित हर्षिल में रहकर तत्कालीन टिहरी नरेश सुदर्शन शाह से सिर्फ 400 रुपये में शंकुधारी वनों का पट्टा ले लिया था। उसने वहां के वनों का अंधाधुंध दोहन किया। गंगा घाटी से तमाम प्रकार की प्रजाति के पेड़ों को काटकर नदी के बहाव के साथ हरिद्वार और वहां से रेलवे लाइन बिछाने के लिए कोलकाता तक पहुंचाया गया। विल्सन ने इसकी आड़ में जंगली जानवरों का शिकार भी किया।

इसी दौरान वर्ष 1823 में गांव की सीमाओं का भी निर्धारण किया गया था जिससे लोगों के अधिकारों को वनभूमि पर सीमित करने का प्रयास आरंभ हुआ था। अंग्रेजों ने इसके लिए वर्ष 1865 में पहला वन-अधिनियम बनाया था। इसके बाद सन् 1877 में वनों की सीमाओं को भी निर्धारित करने का काम हुआ। जिसमें मुनारा बनाकर वन-सीमायें तय की गई थीं। इस प्रक्रिया में खेती की जमीन को छोड़कर संपूर्ण भूमि सुरक्षित वनभूमि के रूप में बदली गई।

अंग्रेजों के इसी कानून के कारण वनभूमि पर लोगों को अतिक्रमणकारी मानने का सिद्धांत लागू हुआ, लेकिन अंग्रेजों की इस व्यवस्था के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने विरोध में वनों को आग के हवाले किया। यह घटना 1915-21 के बीच हुई थी। इसके बाद अंग्रेज शासन ने एक 'शिकायत समिति' का गठन कर आरक्षित वनों को 'दर्जा एक' और 'दर्जा दो' में वर्गीकृत किया। इसमें लोगों के अधिकारों को लौटाने की व्यवस्था की गई।

इसके बाद भी 1925 में 'शिकायत समिति' की संस्तुतियों के आधार पर मद्रास प्रेसीडेंसी के कम्युनिटी फॉरेस्ट की तर्ज पर उत्तराखंड में भी पंचायती वन व्यवस्था को आरंभ किया गया। वर्ष 1931 में वन-पंचायत नियमावली बनाई गई जिसका गठन 1932 में प्रारंभ हुआ। उस समय उत्तराखंड में राजस्व ग्रामों की संख्या 13,739 थी। इसके अंतर्गत 'दर्जा एक' और 'दर्जा दो' के अनुसार आरक्षित वनों के साथ सिविल वनों की भी वन-पंचायत बनाना आरंभ किया गया। सन् 1976 में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 28 के अंतर्गत वन पंचायत नियमावली में संशोधन करके राजस्व विभाग को अधिकार दिए गए। इस संशोधन का बहुत विरोध हुआ। इसके बाद तत्कालीन उत्तरप्रदेश सरकार ने वर्ष 1982 में 19 सदस्यों वाली 'सुल्तान सिंह भंडारी कमेटी' बनाई, लेकिन उनके जितने भी संशोधन थे वे स्वीकार नहीं हो सके।

वर्ष 1997 में जब दुनिया में निजीकरण, उदारीकरण, वैश्वीकरण का दौर चरम सीमा पर था तब विश्वबैंक की सहायता से 'संयुक्त वन प्रबंधन' योजना लागू की गई। इसको चलाने के लिए वन-पंचायत नियमावली में संशोधन किये गये। जिसके बाद वन-पंचायतों की स्वायत्तता को समाप्त करके वन विभाग के अधीन कर दिया गया और वन-पंचायत सरकार की देखरेख में चलने लगी। इससे हक-हुकूक भी प्रभावित हुए। अनुसूचित जाति के शिल्पकार और 'अन्य परंपरागत वन-निवासी' जो रिंगाल और अन्य वन-उत्पाद से आजीविका चला रहे थे, बेरोजगार हुए। उन्हें आजीविका का संकट झेलना पड़ा।

अब उत्तराखंड में ही 12 हजार से अधिक वन-पंचायतें हैं जो सरकारी नियम कानून के आधार पर चलती हैं, लेकिन वे अपने जंगल की आग भी नहीं बुझा पाती। इसका कारण है कि वन और खेती सुरक्षा के जो पुश्तैनी नियम-कानून थे वे हाशिए पर चले गए। इसके चलते बंदर और सुअर जैसे जंगली जानवरों से फसल को बचाना और जंगल पालने की पारंपरिक व्यवस्था भी नहीं बच पाई।

**(लेखक 'उत्तराखण्ड सर्वोदय मंडल' के अध्यक्ष हैं। वे 'उत्तराखण्ड नदी बचाओ अभियान' से भी जुड़े हैं।)**

## आपके पत्र

### लाइक-कमेंट के चक्कर में मौत की रील

युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज़्यादा लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीम्स बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरुआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुक़सान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा ज़िन्दगी में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहर में ही युवाओं को फ़ेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है।

कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं। लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुँच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना, सिलीसेढ़ और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना।

रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और ज़्यादा सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्व का अहसास कराना चाहिए। टेलेंट है तो बहुत से विषय हैं रील बनाने के यदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित कर सकता है। रील्स की बजाय अपने दोस्तों के साथ समय गुजारें मॉर्निंग वॉक के साथ व्यायाम करने में समय बिताएं रील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखें। बच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करें बच्चों को वक्त दे।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### अपनी सरकार से अपेक्षाएं-2

*'यह दुर्भाग्य है कि गलत सरकारी नीतियों के कारण देश में मीडिया की विश्वसनीयता लगातार घटी है। वैसे तो 1990-91 में वैश्वीकरण के पदार्पण के साथ यह गिरावट शुरू हो गई थी, लेकिन इधर जो स्थिति बनी है वह अत्यन्त शोचनीय है। एक तरफ कारपोरेट और पूंजीमुखी मीडिया है, जिसकी सत्ताधारियों के साथ सांठगांठ रहती है। दूसरी तरफ चरण चुंबन करने वाला मीडिया है जिसने अपने पेशे को कलंकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन सत्ताधीशों का वरदहस्त इस पर बना रहता है। नई सरकार से हम अपेक्षा करना चाहेंगे कि मीडिया के स्वस्थ विकास की पहल की जाए। छोटे-छोटे केन्द्रों से प्रकाशित पत्रों के साथ भी न्याय किया जाए। विज्ञापन नीति एकाधिकार याने मोनोपली प्रेस को बढ़ावा देने वाली न हो।'*

*'ऑनलाइन मीडिया का आकलन उसकी विश्वसनीयता के आधार पर हो। याद रखना चाहिए कि मीडिया की भूमिका सरकार और जनता के बीच में पुल बनाने की है। जो सत्ताधीश आलोचना बर्दाश्त नहीं कर सकते वे चाटुकारों से घिर जाते हैं और फिर उन्हें पता भी नहीं चलता कि उनके राज में क्या हो रहा है। हम याद करना चाहेंगे कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले तक हर सरकार बड़े-छोटे का भेद किए बिना अमूमन मीडिया के साथ बराबरी से व्यवहार रखती थी। रिजर्व बैंक की तो घोषित नीति थी कि समाचारपत्रों को लघु उद्योग का दर्जा देकर उसके अनुरूप सुविधाएं दी जाएं।'*

**(देशबन्धु में 30 नवंबर 2018 को प्रकाशित)**
https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/11/2.html

## पावन प्रसंग

### शिष्टाचार मनुष्य जीवन का दर्पण

शिष्टाचार मनुष्य जीवन का दर्पण है, जिसमें उसके व्यक्तित्व का स्वरूप दिखाई देता है। शिष्टाचार के माध्यम से ही मनुष्य का प्रथम परिचय समाज को मिलता है। अच्छा या बुरा दूसरों पर जो भी प्रभाव पड़ता है, वह हमारे उस व्यवहार पर निर्भर करता है, जो हम दूसरों से करते हैं।

शिष्टाचार व्यवहार की वह रीति-नीति है जिसमें व्यक्ति और समाज की आंतरिक सभ्यता और संस्कृति के दर्शन होते हैं। परस्पर बातचीत के संबोधन, व्यवहार से लेकर दूसरों की सेवा आदर भाव, सम्मान सभी शिष्टाचार के अंतर्गत आते हैं। शिष्टाचार व्यक्ति के आचरण और व्यवहार का एकनैतिक मापदंड है। बहुत से लोग ऊंची शिक्षा व अत्छे वस्त्रों को ही शिष्टाचार का मुख्य अंग समझ लेते हैं। शिक्षित और कीमती बढ़िया पोशाक पहनने वाला व्यक्ति भी अशिष्ट हो सकता है, और निपट, अनपढ़, देहाती भी नितांत शिष्ट होता है। शिष्टता के लिए जिस आचरण, व्यवहार और आदतों की आवश्यकता होती है, जरूरी नहीं कि वे शिक्षित होने से ही आ सके। इसी प्रकार वस्त्राभूषण पहन कर शिष्ट आचरण की आशा नहीं की जा सकती। शिष्टाचार का सद्गुण अभ्यास आचरण और वातावरण के द्वारा प्राप्त किया जाना संभव है। इसके लिए संवेदनशील और कोमल हृदय की आवश्यकता है।

शिष्टाचार मानवता का प्रमुख लक्षण है। पशु पक्षियों को तो इसका ज्ञान नहीं होता क्योंकि उनका जीवन पूर्ण प्राकृतिक प्रेरणाओं पर निर्भर होता है। उनकी दिनचर्या आहार-विहार सब कुछ भिन्न है। बुद्धि से शून्य प्राणियों में भी प्रेम भावना नहीं होती। वे एक दूसरे से इतने उदासीन रहते हैं कि उन्हें सिवाय अपने आखेट करने और खाने से ही मतलब रहता है। दिखने में वे सौम्य आकृति भले ही लगते हैं, किंतु उनका आचरण पशुवत ही होता है। शिष्टता मिलनसारिता जैसे गुण उनमें नहीं होते। सभ्यता शिष्टता के आचरण व्यवहार का ज्ञान वस्तुत: पूर्वजों से विरासत में मिलता है। शिष्टाचार की भावना और नियमों का विवेचन करने से यही प्रतीत होता है। इसका अभ्यास बाल्यकाल से ही कराया जाना चाहिए। वे भूल करते हैं, जो बालकों को शिष्ट आचरण की शिक्षा आरंभ से नहीं देते। कुछ बड़े होने पर शिष्टाचार के नियमों की जानकारी देने का दायित्व शिक्षकों पर जाता है, यों शिष्टाचार के नियमों की जानकारी पाठ्य पुस्तक में भी दी गई होती है। किंतु अध्यापक, अभिभावक इस दायित्व का अभ्यास स्वयं के आचरण से कराते हैं तो ही जीवन में उतरता है।

वाणी संबंधी शिष्टता में सावधानी सतर्कता बरतना बहुत कम लोगों को आता है। अभिवादन के सामान्य व्यवहार से भी लोग बचते हैं और बोलते समय आदरसूचक शब्दों की भी कंजूसी करते हैं। जबकि नमस्कार प्रणाम करने से अपना कुछ घटता नहीं और सामने वालों को लगता है उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। आत्मप्रशंसा और परनिंदा ऐसे दोष हैं, जो व्यक्ति का घटियापन जाहिर करते हैं। दूसरों के बीच में बात काटकर बोल पड़ना, वार्तालाप में गाली गलौज करना, अपशब्दों का प्रयोग करना भी अशिष्टता है। बात को संक्षेप, सारगर्भित कहना, क्रोधावेश में न आना, सभ्यता और शिष्टता की निशानी है। इसके विपरीत अधिक बोलना, असत्य बोलना, चुगली करना, चापलूसी करना दुर्गुण भी है और अशिष्टता भी।

**युग निर्माण योजना**

# गोचर की जमीन जोतने को लेकर 2 पक्षों में जमकर मारपीट





## एक दर्जन से अधिक घायल, सरपंच द्वारा किया गया हमला

पन्ना, देशबन्धु। जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम भसुड़ा, बैरहा, में स्थित गोचर जमीन जिस पर उक्त ग्राम के किसानो द्वारा कई वर्षो से मवेशी चरा रहे थे, तथा उसी जमीन पर ग्राम के लोगो का निस्तार होता था, उक्त जमीन लगभग 70 बीघा है, जिसमें ग्रामवासी मवेशियों, भैसां को चराने के लिए उपयोग करते थें। लेकिन उक्त जमीन पर सिंहपुर ग्राम पंचायत के सरपंच योगेन्द्र धुरिया उर्फ रसगुल्ला की नजर लग गई तथा सरपंच द्वारा उक्त जमीन पर अवैध कब्जा करने की योजना बनाई एवं दिनांक 13 अक्टूबर 2024 को चार ट्रैक्टर लेकर जिसमें लगभग डेढ सौ लोग थें, जो की पंहुचकर जोतना प्रारंभ कर दिया। जिस बात का विरोध ग्रामवासीयें द्वारा किया गया। तो संबंधितो द्वारा मारना पीटना प्रारंभ कर दिया एवं लाठी, डंडो एवं कुल्हाड़ी से पीटना चालू कर दिया। जिसमे लगभग 1 दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। जिसमें तीन लोगो का ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। विवाद भारी बड़ गया तथा दोनो ओर से मारपीट होने लगी। घटना की सूचना धरमपुर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस के पंहुचने पर ही आरोपी घटना स्थल से भागें। मामले के संबंध में फरियादी गोपीचन्द्र पाल पिता शिव प्रताप पाल उम्र 50 साल निवासी बजरंगपुर थाना धरमपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि, खेती किसानी का कार्य करता हूं, हुमउआ हार नदी किनारे भैसे चरा रहा था तथा मेरे साथ गांव के मड़ियापाल जागेश्वर, कमलेश, घनश्याम, भरत, सहित अन्य लोग भी भैसे चरा रहे थें, उसी दौरान सिंहपुर सरपंच योगन्द्र धुरिया, उर्फ रसगुल्ले, पप्पू राजा, दयाराम यादव, रज्जू कोरी, बुद्धु कोंदर, राम जीवन अहिरवार, लालमनि कोरी, आनन्दी अहिरवार, लल्लू कोरी, बिज्जू गुप्ता, बबलू, आदि लोग ट्रैक्टर लेकर आये एवं उक्त गोचर जमीन को जोतने लगें। हम लोगो के द्वारा मना करने पर योगेन्द्र धुरिया, पप्पू राजा तथा उनके अन्य साथियों द्वारा लाठी, डंडो, कुल्हाडी आदि से हमला कर दिया गया। जिसमें अनेक लोग घायल हुए है, उक्त मामले में एक दर्जन लोगो का पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जिसमें अपराध क्रमांक 0260/2024 धारा 115 (2), 296, 351, 191 (2), 191 (3), 190 तथा जिनको आरोपी बनाया गया है। उनमें योगेन्द्र धुरिया, पप्पू राजा, जयराम यादव, रज्जू कोरी, बुद्धु कोंदर, रामसंजीवन अहिरवार, लालमणि कोरी, आनन्दि अहिरवार, लल्लू कोरी, विज्जु गुप्ता आदि।

### सिमरिया थाना क्षेत्र की घटना

# ऑटो से गिरा स्कूली छात्र घटना स्थल पर हुई मौत



पन्ना, देशबन्धु।आटो से स्कूल जा रहा छात्र अचानक गिर गया और उसके उपर आटो का पहिया चढ़ गया। जिसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिमरिया थाना अंतर्गत गनियारी ग्राम निवासी शुभास सेन उम्र लगभग 12 वर्ष प्रतिदिन की तरह आटो से सिमरिया इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल जा रहा था। जो कक्षा छठवीं में पढ़ता था, दिनांक 14 अक्टूबर को स्कूल पंहुचने के पहले ही आटो से गिरकर मौत हो गई। सिर में गंभीर चोट आने के कारण स्वास्थ केन्द्र भी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया गया। बताया जाता है कि घटना होने के तत्काल बाद आटो चालक बच्चो से भरी आटो छोड़कर फरार हो गया। ज्ञात हो कि विभिन्न निजी विद्यालयों मे पढनें वाले छात्रो को आटो ई रिक्शा मनमाने ढंग से ठूंस ठूंस कर बच्चो को भरते है जिससे इस प्रकार की घटनाए घटित हो रही है। गौरतलब है कि स्कूली छात्र छात्राओं को आटो ई रिक्शा तथा अनय इस प्रकार के वाहनो मे ले जाने का कोई नियम निर्देश भी नहीं हैं। छात्रो को लाने ले जाने के लिए बकायदा स्कूली बसे एवं बैन निर्धारित है। जिसमें सभी प्रकार के नियम कानून लाने ले जाने के लिए निर्धारित है। लेकिन पन्ना जिले में मनमाने ढंग से असुरक्षित रूप से आटो ई रिक्शा छात्रो को स्कूल लाते ले जाते हुए देखे जा सकते है। इस संबंध में अनेको बार पुलिस यातायात विभाग तथा परिवहन विभाग द्वारा अभीयान चलाकर चलानी कार्यवाही भी की है। लेकिन इसके बावजूद इस प्रकार के वाहनो में विद्यालयों के छात्र छात्राओं को स्कूल आने जाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रदेश तथा देश में अनेक प्रकार के कानून बनें हुए है लेकिन उसका पालन स्थानीय स्तर पर नहीं हो रहा है। जिससे इस प्रकार की घटनाए सामने आ रही है।

## महिलाओं तथा बालिकाओं के साथ लगातार हो रही घटनाओं को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने क्षेत्रीय विधायक को सौपा ज्ञापन

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी पवई द्वारा क्षेत्रीय विधायक प्रहलाद लोधी को ज्ञापन दिया गया। उक्त ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि, पूरे प्रदेश में महिला एवं बालिकाओं के साथ लगातार दुष्कर्म, बलात्कार की घटनाए घटित हो रही है, महिलाए तथा बालिकाए प्रदेश मे सुरक्षित नहीं है, लगातार अपराध होने के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा उक्त घटनाओं को रोकने की दशा मे कोई प्रयास कारगर नहीं किये जा रहें है। उक्त अपराधो पर लगाम लगाने के लिए भाजपा के सभी विधायक सरकार पर दवाब बनायें, जिससे प्रदेश मे अपराध रूक सकें। इन तमाम मुद्दो को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन देने वालो में ब्लाक अध्यक्ष माखन पटेल, रम्मूमणि यादव, सुरेन्द्र नामदेव, मुकेश बागरी, ब्लाक अध्यक्ष सिमरिया, संजय चौरसिया सहित अनेक कांग्रेसी शामिल रहें।

# पोलीटेक्निक खेल मैदान में अवैधानिक रूप से चल रहा प्रदर्शनी मेला

पन्ना, देशबन्धु/। ोलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में अवैध रूप से प्रदर्शनी मेला का संचालन हो रहा है, जिसके माध्यम से खेल मैदान मे होने वाली खेल गतिविधियां भी ठप्प है तथा नजदीकी क्षेत्र में बालक तथा बालिकाओं के छात्रावास भी संचालित है, जिनकी पढाई भी चौपट हो रही है, लेकिन जिले के अधिकारी मनमाने ढंग से इस प्रकार की गतिविधियों को संचालित करने की अनुमति देकर छात्र छात्राओं के भविष्य को चौपट कर रहें है। जबकी पन्ना जिला मुख्यालय में वर्तमान समय मे छात्र छात्राओं के खेलने के लिए एक भी खेल मैदान सुरक्षित नहीं है, जहां पर छात्र छात्राए खेल खेल सकें। जबकी शासन द्वारा खेल गतिविधियों को बड़ावा देने के लिए अनेक प्रकार की योजनाए संचालित करती है तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अलग से खेल मंत्रालय बनाया गया है तथा लाखो का बजट भी खेल गतिविधियों के लिए दिया जाता है। पन्ना जिला मुख्यालय में छत्रसाल खेल मैदान पर निर्माण कार्य चल रहा है तथा मैदान की स्थिती खराब है पानी भरा हुआ है जिससे उक्त खेल मैदान मे खिलाड़ी कोई भी खेल नहीं खेल सकते है, तलैया फील्ड मैदान आर पी विद्यालय के आधीन था जिसको खेल विभाग के आधीन करते हुए वर्तमान समय मे इनडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है, उस पर भी किसी प्रकार की खेल गतिविधियां संचालित नहीं हो सकती है। सिर्फ एक मात्र पोलीटेक्निक खेल मैदान खेल गतिविधियों के लिए सुरक्षित था। जिस पर मनोरंजन प्रदर्शनी मेला अधिकारीयों तथा महाविद्यालय की मिली भगत से संचालित हो रहा है। जिससे छात्र छात्राओ की खेल गतिविधियां ठप्प है। उक्त मनोरंजन प्रदर्शनी मेला से जिम्मेवार अधिकारीयों तथा संबंधित महाविद्यालय को मनोरंजन मेला द्वारा राशि दी जा रही है, जिससे उक्त अवैध मेला संचालन के लिए स्वीकृति दी गई है। इस मनोरंजन मेला से स्थानीय व्यापारीयो को भी भारी नुकसान है।

**इनका कहना है:**-पोलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका के द्वारा संबंधित मनोरजंन मेला को एन ओ सी दी गई थी, उसी के आधार पर हमारे द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

संजय नागवंशी एसडीएम पन्ना

उक्त मनोरजंन मेला लगाने के लिए एसडीएम साहब द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद महाविद्यालय द्वारा सहमति प्रदान की गई है।

## स्कूटी ने मारी टक्कर, महिला बुरी तरह घायल, जबलपुर रेफर

पन्ना,देशबन्धु। जिले में तेज रफ्तार वाहन चालको द्वारा आये दिन घटनाए घटित की जा रही है। इसी प्रकार का मामला गुनौर थाना अन्तर्गत ग्राम सलगढा का प्रकाश में आया है। जहां पर एक तेज स्कूटी चालक द्वारा महिला को टक्कर मार दी गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। जानकारी के अनुसार प्रार्थीया जीरा बाई यादव पति सूरज यादव नें गुनौर थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मेरी सास गणेशिया बाई पति कमला प्रसाद यादव दिनांक 13 अक्टूबर को समय सात बजे शौच क्रिया करके घर आ रही थी। उसी दौरान स्कूटी चालक नीरज चौधरी निवासी चिकलहाई द्वारा स्कूटी क्रमांक एमपी 35 जेड ए 5660 द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गणेशिया बाई यादव बुरी तरह घायल हो गई। तत्काकल लोगो द्वारा स्कूल चालक को पकड़ लिया गया तथा गुनौर थाना पुलिस को सूचना दी गई। उक्त महिला की शिकायत पर स्कूटी चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 286/2024 दर्ज कर लिया गया है। लेकिन चालक नीरज चौधरी का नाम उक्त पुलिस द्वारा किये गये मामले में दर्ज नहीं किया गया है। जबकी पीड़ित महिला बुरी तरह घायल है तथा उसका ईलाज जबलपुर अस्पताल मे चल रहा है। पुलिस ने उक्त मामले में अपराध धारा 281, 125 (क) व्हीएनएस एमबी एक्ट के तहत मामला कायम किया है। लेकिन पुलिस ने संबंधित मामले मे चालक नीरज चौधरी का नाम लेख नहीं किया गया है।

# ट्रक व मोटरसाइकिल सवार की जोरदार भिडंत 1 की मौत 1 घायल



**पवई, देशबन्धु।** कस्बे से लगभग 5 किलोमीटर दूर कृषि उपज मंडी के पास दोपहर लगभग 3÷30 बजे एक हृदय विदारक सड़क दुर्घटना घटित हुई है। जिसमें मोटर साइकिल चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवम ट्रक ड्राइवर के घायल होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार कंकरीट मिलर ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबीड्ड5990 कटनी से पवई की ओर आ रहा था वही पवई की ओर से झांसी निवासी अंकित शर्मा पिता ब्रजेश कुमार शर्मा उम्र 26 वर्ष जो मोटरसाइकिल अपाचे यूपी 93 बीएम 9374 में सवार होकर पवई से कटनी की ओर जा रहा था तभी कृषि उपज मंडी के पास अंधे मोड़ में दोनों की जोरदार भिडंत हो गई। इस सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही ट्रक चालक रामकेश चौधरी उम्र 45 वर्ष को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। पवई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पवई शव विच्छेदन गृह लाया गया व पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों से संपर्क साधने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने मृतक की पहचान मृतक की जेब में रखें आधार कार्ड से की है।

# प्रथम पेज का शेष

बहराइच में फिर तोड़फोड़.... फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने हत्या के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा है। डीएम मोनिका रानी ने कहा कि हम स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। सोमवार को हिंसा में मारे गए युवक के शव को लेकर भीड़ निकली तो पुलिस ने रास्ते में रोका। ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ सड़कों पर उतर आए। विरोध प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। इस दौरान भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह भी साथ थे। पुलिस ने समझाया तो परिवार शव लेकर घर चला गया। लेकिन भीड़ आक्रोशित हो गई। उन्होंने महसी तहसील की मेन मार्केट में आगजनी की।

विकास को नई गति देकर.... हमारा प्रयास है कि इंदौर के किसी भी चौराहे पर यातायात बाधित न हो और वाहन चालकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने इंदौर की यातायात संबंधी परेशानियों के निराकरण के लिए कहा कि यहाँ जितने भी अंडरपास/ओवर ब्रिज की आवश्यकता होगी, वह सभी बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इंदौर में 400 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज लाइन का कार्य करने की बात भी कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशे का अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नशे के अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि फूटी कोठी चौराहे का नाम संत सेवालाल चौराहा होगा। इंदौर के चौराहों पर आवश्यकतानुसार अंडर-पास और ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। आगामी 3 वर्षों में एक कार्य-योजना बनाकर लगभग 20 से 25 अंडरपास/ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। इंदौर शहर में यातायात सुधार के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाना हमारा संकल्प है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने लोकार्पित हुए 4 ओवर ब्रिज के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संत गोपाल चैतन्य महाराज ने भी संबोधित किया। एकलव्य सिंह गौड़ ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और विधायक और पूर्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, महेन्द्र हार्डिया और मनोज पटेल, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, गौरव रणदिवे, चिन्टू वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मौजूद थे।

उमर अब्दुल्ला कल लेंगे.... इसके साथ ही प्रदेश में सीमित अधिकारों वाली सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जम्मू कश्मीर में आजादी के बाद से 13 साल से अधिक राष्ट्रपति शासन लागू रहा है। पहली बार इसे 1977 में लागू किया गया था। वर्ष 1977 में मार्च महीने में तत्कालीन राज्य में उस समय प्रथम बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था जब कांग्रेस ने तत्कालीन शेख अब्दुल्ला की सरकार से अपना समर्थन वापस लिया था। लेकिन तब राज्यपाल शासन के छह माह भी अभी पूरे नहीं हुए थे कि राज्य में चुनाव करवा दिए गए थे क्योंकि तब आतंकवाद की कोई बात नहीं थी। फिर दूसरी बार 1986 में फरवरी माह में राज्य में प्रथम बार होने वाले साम्प्रदायिक दंगों की स्थिति पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जीएम शाह की सरकार से कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण राज्य में राज्यपाल शासन लागू किया गया जिसकी अवधि आठ माह थी। जानकारी के लिए तत्कालीन राज्य में 5 जनवरी 2019 से पहले भारतीय संविधान की धारा 356 के तहत सीधे राष्ट्रपति शासन लागू नहीं किया जा सकता था। अत: उसके स्थान पर राज्यपाल आप ही जम्मू कश्मीर के संविधान के अनुच्छेद 92 के तहत प्राप्त अधिकारों का इस्तेमाल कर राज्यपाल का शासन लगू कर सकते थे। राज्य में प्रथम छमाही में इसे राज्यपाल का शासन कहा जाता था और बाद में इसे राष्ट्रपति शासन कहा जाता रहा है।

मारो-मारो बोलकर पीछे पड़ी.... में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख के घर का दरवाजा तोड़ा और उनकी पत्नी और मासूम बच्ची की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई. हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए आरोपी ने उनके शवों को घर से ले जाकर बाहर फेंक दिया. इस घटना को अंजाम देने से पहले भी कुलदीप साहू ने कोतवाली थाने के सामने प्रधान आरक्षक तालिब शेख और प्रधान आरक्षक उदय सिंह को कार से कुचलने की कोशिश भी की थी।

कुलदीप साहू के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर लोग सड़कों पर उतरे हुए हैं. लोग लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. पुलिस-प्रशासन की उदासीनता की वजह से अब लोगों का गुस्सा भड़क उठा है. सड़कों पर प्रदर्शन करने उतरे लोगों को समझाने के लिए एसडीएम जगन्नाथ वर्मा पहुंचे. लेकिन, मासूम बच्ची और महिला की बेरहमी से हत्या के बाद भड़के लोगों की भीड़ ने उन्हें भी नहीं बख्शा. इसका वीडियो सामने आया है जिसमें एसडीएम के बीच भीड़ मारो-मारो बोलकर दौड़ लगा रही है. वहीं एसडीएम जगन्नाथ वर्मा एक पुलिसकर्मी के साथ जान बचाकर भागते हुए नजर आ रहे हैं.

## तीन माह से ग्रामवासीयों को नहीं मिल रहा राशन

**पन्ना, देशबन्धु।** जहां एक ओर शासन द्वारा गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा वही दूसरी ओर विक्रेता द्वारा गरीबों का राशन चवे मशीन से घटाकर अपना पेट भर रहे हैं मामला पन्ना जिले की पवई विधानसभा की ग्राम पंचायत गजंदा का जहां पर ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य गजंदा के विक्रेता छोटे लोधी पर ग्रामीणों गंभीर आरोप लगाते हुए बताया गया कि विक्रेता द्वारा हमारे पिछले तीन माह से विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन से राशन घर घर जाकर घटा लिया जाता था और ग्रामीणों राशन नही दिया जाता था विक्रेता से पूछने पर बोल देता था कि इस माह का राशन खत्म हो गया है। अगले माह दे दूंगा कई लोगों को पिछले छह माह से राशन नहीं दिया जा रहा है। उक्त मामले की जांच खाद्य निरीक्षक मेघा चन्देल द्वारा की गई। इस मौके पर ग्रामीणो ने बताया कि राशन नहीं मिल रहा है।


CHANGE OF NAME

I , ANITA IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF NO JC - 572024H SUB NAME KAMBLE ARJUN KISHANRAO SERVING IN MRC C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL: KARAM, POST - NAIKOTA , TEH - SONPET, DIST - PARBHANI, STATE - MAHARASHTRA, PIN - 431514 HAVE CHANGED MY NAME FROM ANITA TO KAMBLE ANITA ARJUN IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 14/10/2024 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP



# कार्यालय नगर पालिका परिषद खुरई जिला सागर (म.प्र.)

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2024/702 खुरई, दिनांक 10.10.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदयें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_ 375611_1 11.10.2024 | महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में कब्रिस्तान में सीमेंट क्रांकीट कार्य | 03 माह 1990009/- | 2000/- 15000/- | 12.11.2024 |
| 2 | 2024_UAD_ 375612_1 11.10.2024 | अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड में छात्रवास में पेंटिंग एवं अन्य कार्य | 03 माह 1247480/- | 2000/- 9400/- | 12.11.2024 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद खुरई**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खुरई


## भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का किया आयोजन

**पन्ना, देशबन्धु।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा भोपाल द्वारा जारी मासिक कैलेंडर के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.एस.पी. एस परमार एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. सचिन गोयल के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन महाविद्यालय कला भवन के मुख्य हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.पी.एस परमार एवं डॉ देवव्रत सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाना और इसे सामान्य चर्चा का विषय बनाना है, यह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस दिन के माध्यम से लोग मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होते हैं, यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है। विषय प्रस्तावना रखते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ सचिन गोयल ने विद्यार्थियों को इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़े सामाजिक कलंक के खिलाफ़ वकालत करने के लिए मनाया जाता है। सन् 1992 में विश्व मानसिक दिवस का शुभारंभ हुआ था। जिसे डेढ सौ देशा मे मनाया जाता है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. सचिन गोयल द्वारा इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमे प्रथम स्थान दीपाली गुप्ता, द्वितीय स्थान सानया सिंह बघेल एवं तृतीय स्थान सुमन बागरी को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. बी.एन. जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन डॉ. कविता परवंदा द्वारा किया


SUPERINTENDING ENGINEER (O&M)
M.P.POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD. PANNA
No. SEP/PUR/TS/24-25/1569 Panna dt. 14.10.2024

**Notice Inviting Tender**

Online tenders are invited Tender for Hiring of 1 No Scorpio/Safari or equivalent Vehicle of latest model maximum three year old Vehicle for SE(O&M) PANNA CIRCLE. The bid seals will be received online on the e-portal **www.mptenders.gov.in, http://www.mpez.co.in** up to date & time indicated below. The online tenders will be opened in the office of the undersigned as mentioned in tender time schedule (key date). If desired, the bidder or their duly authorized representatives may remain present at the time of opening of tender: -

| Sr. No | Tender Specification No | Name of the Work/services | Approx. Value (In INR) | Tender Fees (In INR) | EMD (In INR) | Due date of opening of tender online from 14:30 Hrs.* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SEP/PUR/TS/ 24-25/1569 dt.14-10-2024 (E-Tender No: 2024_PKVVC_ 376256_1) | Tender for Hiring of 1 No Scorpio/Safari or equivalent Vehicle of latest model maximum three year old Vehicle for SE(O&M) PANNA CIRCLE. | 4.5 Lakhs | 500/- Fees 60/- GST Total 560/- | 4500/- | 22-10-2024 |

*For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in envelop-A & Techno-commercial bid in envelop-B) please refer to the online key dates.

NOTE: -

(1) Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal **http://www.mptenders.gov.in.**

(2) Bidder Have to upload all documents online only. (No physical document required)

(3) The corrigendum or addendum to the bidding documents, if any, as well as any change in due date(s) of opening of tender will be published on the website https://www.mptenders.gov.in & also Company's website http://www.mpez.co.in but will not be published in newspaper. Hence participant bidders are advised to regularly visit the websites until the bid opening. The Company shall not be responsible in any way for any ignorance of the bidders about the corrigendum or addendum or change in the due date(s).

**-Sd-**
**SUPERITENDING ENGINEER (O&M)**
**MPPKVVCL, PANNA**

# दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने चला बुलडोजर



## एक दर्जन से अधिक दुकानों की टूटी दीवारें और जालियां

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में सोमवार को नगर पालिका का बुलडोजर चला है। नपा अमले ने कलेक्ट्रेट के सामने बनी नगर पालिका की दुकानों की गैलरी से अवैध कब्जा हटाया है। करीब एक दर्जन दुकानदारों ने दुकान के आगे बनी गैलरी पर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया था। नगर पालिका ने दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए थे, लेकिन दुकानदारों ने अवैध कब्जा नहीं हटाया। नगर पालिका दफ्तर के ठीक बगल में नगर पालिका की ओर से दुकानों का निर्माण कराया गया था। दुकानों के आगे और पीछे लोगों की सुविधा के लिए करीब 10 फीट चौड़ी गैलरी बनाई गई थी। दुकानों के आगे बनी गैलरी खाली है, जबकि पीछे बनी गैलरी पर दुकानदारों ने पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा जमा लिया था। करीब एक दर्जन दुकानदारों ने गैलरी पर अधिक्रमण कर पूरी तरह से बंद कर दिया था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे के निर्देश पर करीब 15 दिन पहले दुकानदारों को नोटिस जारी किए थे। नोटिस के माध्यम से दुकानदारों को गैलरी से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके दुकानदारों ने गैलरी से कब्जा नहीं हटाया।

### एक घंटे चली कार्रवाई

सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे नगर पालिका अमले ने जेसीबी मशीन से गैलरी पर बना पक्का निर्माण तोड़ दिया। जैसे ही नगर पालिका की कार्रवाई शुरू हुई तो दुकानदारों में हड़कंप मंच गया। आनन-फानन में दुकानदार गैलरी में रखा सामान हटाते नजर आए। इस दौरान जेसीबी से गैलरी पर बनी पक्की दीवारें और लोहे की जालियां तोड़ दी गई। नपा की कार्रवाई से दुकानदारों का गैलरी में रखा काफी सामान खराब हो गया। करीब 1 घंटे चली कार्रवाई में आधा दर्जन से ज्यादा दुकानों का अवैध कब्जा हटा दिया गया है। कहा जा रहा है कि यदि अब तक हटाए गए अतिक्रमण पर नजर डालें, तो कुछ ही समय बाद यहां फिर से अतिक्रमण कर लिया जाता है। अब देखना है कि यह हटाया गया अतिक्रमण कब तक फिर से नहीं किया जाता है। यहां जानकारी के लिए बता दें कि गांधी चौराहे पर बनी दुकानों के सामने से अब तक कई बार अतिक्रमण हटाकर फुटपाथ को दुकानदारों से मुक्त करा दिया गया, लेकिन कुछ ही समय में सांठगांठ कर यहां पुन: अतिक्रमण कर लिया जाता है। इसी प्रकार शहर के अधिकांश फुटपाथ अतिक्रमण की चपेट में होने से पैदल निकलने वाले हादसे का शिकार होते आ रहे हैं। इसके साथ ही कई पेशाबघरों के सामने दुकानें जमा दी गई हैं और बड़ी-बड़ी दुकानें चौराहों एवं सड़कों के दोनों ओर रखवा दी गई हैं। इन दुकानों पर अधिकांश अधिकारियों की नजर पड़ती रही है और वह चुप्पी साधे वहां से निकल जाते हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का आरोपी पति, पुत्र ने जांच दौरान पर्यवेक्षक के साथ की बदसलूखी




## शिकायत पर पुलिस ने किया एससी-एसटी एक्ट तहत मामला दर्ज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** थाना खरगापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरकनपुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के परिजनों द्वारा महिला पर्यवेक्षक से केंद्र पर केंद्र के दौरान जातिसूचक शब्दों से अपमानित और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना बल्देवगढ़ अंतर्गत फरियादी सुश्री बसंती अहिरवार ने बताया कि वह सुजानपुरा सेक्टर में पर्यवेक्षक के पद पर पदस्थ हैं। फरियादी ने बताया कि ग्राम सरकनपुर आंगनबाड़ी केंद्र अ में दिनांक 8 सितम्बर 2024 को पौने ग्यारह करीब निरीक्षण करने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची। इस आगनवाड़ी केंद्र-अ में कार्यकर्ता श्रीमति सुमन द्विवेदी, सहायिका श्रीमति द्रोपती दीक्षित उपस्थित मिली । केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमति सुमन द्विवेदी से कहा कि पिछले माह सितम्बर में पूरक पोषण आहार आपके द्वारा नहीं लिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणजन शिकायतें बार-बार आंगनवाडी केन्द्र से लगातार हो रही है। फरियादी सेक्टर पर्यवेक्षक ने कहा कि पूरक पोषण आहार का रजिस्टर बताओ, तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति सुमन द्विवेदी कहने लगी कि हमारे केन्द्र पर तुम्हें कोई निरीक्षण करने के अधिकार नहीं है, तभी फरियादी ने कहा कि मैं पर्यवेक्षक पद पर हूं, इस हैसियत से मेरा अधिकार है। उन्होंने बताया कि इसी दौरान केंद्र पर मौजूद कार्यकर्ता का पुत्र राहुल द्विवेदी उनके साथ गली गलौज करने लगा। उन्होंने जातिसूचक शब्दों का उपयोग करते हुए कहा कि तूं मेरी मम्मी के केंद्र पर निरीक्षण करने क्यों आई है और फिर उनके हाथ से कर्मचारी उपस्थिति पंजी रजिस्टर छुड़ा ली। उसी समय पर कार्यकर्ता का पति विनोद द्विवेदी आया कर कहने लगा आज तो तू आ गई है, आगे आई तो तुझे जान से ही खत्म कर दूंगा । इस संबध में थाना प्रभारी मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र अ सरकनपुर में कार्यकर्ता आरोपी पति विनोद द्विवेदी, पुत्र राहुल द्विवेदी द्वारा महिला पर्यवेक्षक के साथ केंद्र पर जांच दौरान शासकीय कार्य बाधा डालने और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने पर आरोपियों के खिलाफ 296, 351(2), 132, 221, 3(5) बीएनएसएस् 3 (1) द, 3 (2), (वी)एससी, एसटी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### परंपरा को बरकरार रखते हुए सातवें वर्ष पान खिलाकर दी दशहरा पर्व की शुभकामनाएं

# सनातन संस्कृति अनवरत, अक्छुड़ नित्यगामी संस्कृति है, जिसका आधार त्यौहार है: खरे



टीकमगढ़, देशबन्धु। शहर में दशहरा पर्व मे इस वर्ष भी भाजपा जिला उपाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने पूरे शहर में रहवासियों और दुकानदारों को भारतीय परंपरा को निर्वहन करते हुए हर वर्ष की भांति इस सातवें वर्ष सिंधी धर्मशाला से सुबह 10 आरम्भ कर शहर के प्रमुख चौराहों, कटरा बाजार, हिमाचल गली, नगर भवन, लक्ष्मी टॉकीज, नजाई व कोतवाली आदि से होते हुए नजर बाग मे दोपहर 3 बजे समापन किया। भ्रमण में लोगों के पास पहुंच कर पान खिलाते हुए दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। दुकानदारों व रहवासियों ने गले लगा कर उनका अभिवादन किया। अभिषेक खरे रानू ने बताया कि वो प्रतिवर्ष परंपरा को प्रेम सद्भाव के साथ बनाए रखने के लिए दशहरा पर्व का त्यौहार पान खिला कर मनाते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने शहर के रह वासियों व दुकानदारों के बीच पहुंचकर बिना-जाति का भेदभाव किये समरस्ता का भाव लिये, लोगों को गले लगा कर पान खिलाया और लोगों की कुशल-क्षेम पूंछी, गरीबों को हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया व क्षेत्र के विकास के लिए लोगों से सुझाव भी मांगे। उनका कहना है कि कि लोग उन्हें अपना बेटा, भाई व घर का सदस्य मानते हैं। इसलिए उनकी पहली प्राथमिकता जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहना है और उनके बीच पहुंचकर हर संभव मदद करना है। संस्कृति के मूल आधार त्यौहार है को सशक्त बनाना हम सब नागरिकों की जिम्मेदारी है। साथ में विक्रम बाल्मिक, जन्मेजय तिवारी, स्वप्निल तिवारी, प्रवीण चौधरी, प्रवीण नामदेव, अशोक राय, रोहित यादव, हिमांशु तिवारी, हिमांशु प्रजापति, विक्की गौहर, आकर्ष रावत, मानस बादल,राजेश रावत, राहुल राजपूत, अल्लन सोनी, अजय यादवए, पुष्पेंद्र राय, बीरसिंह यादव,मनोहर अहिरवार, गोलू तिवारी, पियूष खरे, संजू यादव,अरुण प्रजापति, संकेत सेन, उदय यादव, रानू परमार, नीरज यादव, राहुल सेन, भगत यादव, गुड्डू बुंदेला आदि उपस्थित रहे।

# पाल समाज के विकास के लिए हरदम खड़ा हूं मैं: सिंह



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पाल धर्मशाला रेलवे स्टेशन के सामने टीकमगढ़ में रविवार को 10 लाख रुपए से सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक यादवेंद्र सिंह ने कहा कि पाल समाज के विकास के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी। समाज के साथ में हमेशा खड़ा रहता हूं। जब भी किसी भी समय कोई भी जरूरत पड़ेगी, मैं हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहूंगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक यादवेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रकाश मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र सिंह परिहार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद पाल महासभा के जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह पाल, युवा जिला अध्यक्ष हरदयाल सिंह पाल, मथुरा प्रसाद पाल, बबलू पाल, हरचरण पाल ने विधायक का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ ही पगड़ी बांधकर और देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद ग्राम पंचायत अनंतपुर सरपंच कमलेश अहिरवार का भी पाल समाज के कार्यकर्ताओं ने शाल-श्रीफ ल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाल महासभा के जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह पाल और पाल महासभा के युवा जिला अध्यक्ष हरदयाल सिंह पाल ने विधायक यादवेंद्र सिंह द्वारा के लिए 10 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण के लिए जो राशि स्वीकृत कराई है, उनके प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक यादवेंद्र सिंह ने भूमि पूजन किया और देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के लिए भी 25 हजार की नगद राशि देने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता रति रामपाल, हरचरण राज पाली, सियाराम नाना, मथुरा पाल, बबलू पाल, संतोष पाल, राकेश पाल, प्रमोद पाल, प्रकाश पाल मडखेड़ा, भगवान दास पाल, शोभाराम पाल, राकेश पाल सरपंच भैंसवाड़ी, गोविंद दास पाल, लखनपाल, सियाराम पाल, मंगल सिंह पाल, कल्लू पाल, मुन्नीलाल पाल,सतीश पाल, राजेंद्र पाल, गौरी शंकर पाल, भागीरथ पाल, सरवन पाल, कल्याण पाल, वीरेंद्र पाल , गणपत पाल, राजेश पाल, सोहन दरोगा सहित बड़ी संख्या में पाल समाज के लोगों उपस्थित रहे।

## मथुरा की संदिग्ध मौत के मामले में दोनों आरोपी गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।।** बीते रोज मथुरा रैकवार की संदिग्ध मौत के मामले में ग्रामीणों द्वारा किए गए विरोध और जाम के बाद पुलिस ने आखिरकार इस मामले से जुड़े दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक रोहित कसवानी के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के निर्देशन में थाना बम्हौरी कला के अपराध क्रमांक 209/24 धारा 115 (2), 296, 351 (3), 105 बीएनएस के आरोपी बच्चा उर्फ सत्येंद्र यादव निवासी दिनऊ गोकुल यादव निवासी दिनऊ तथा नीरज अहिरवार निवासी दिनऊ को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# स्कूल वाहन के नीचे आने से 2 साल की बच्ची की मौत



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रतनगुवां में आज दोपहर करीब 3 बजे एक स्कूल वाहन के नीचे दो साल की बच्ची आ गई। चालक ने वाहन को आगे बड़ा दिया और बच्ची वाहन के नीचे दब गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को लेकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक बच्ची अपनी मां के साथ अपने मामा के यहां ग्राम रतनगुवां में आई थी। पीड़ित परिवार ने पुलिस थाना में घटना की रिपोर्ट की गई। पुलिस ने स्कूल वाहन को जप्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मृतक बच्ची के नाना छत्रपाल सिंह गौर निवासी रतनगुवां ने बताया है कि करीब 5 दिन पहले मेरी पुत्री शबनम सिंह अपनी ससुराल लबेरा थाना एरच (उप्र) से अपनी दो साल की बच्ची मन्नत सिंह के साथ रतनगुवां आई थी। आज दोपहर करीब 3 बजे बच्ची घर के बाहर चबूतरे पर खेल रही थी। उसी समय ग्राम बम्होरी के एक स्कूल का वाहन गांव में बच्चों को छोड़कर वापिस आ रहा था और वहीं चबूतरे के पास खड़ा हो गया। बच्ची खेलते खेलते वाहन के नीचे चली गई और चालक की लापरवाही के कारण उसने वाहन के नीचे नहीं देखा और आगे बड़ा दिया। इस घटना में बच्ची वाहन के नीचे दब गई। इस घटना में बच्ची मन्नत सिंह पिता शैलेन्द्र सिंह की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी ग्राम लबेरा में दी गई। शाम को वहां से बच्ची के परिजन आए और पुलिस थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस मामले में दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि ग्राम रतनगुवां में एक वाहन के नीचे दबने से दो साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन को जप्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मामा के घर माँ के साथ आई थी बच्ची

### बैठक में अब अफसर होने लगे बेहोश, उपचार कराने पहुंचे अस्पताल

# नायब तहसीलदार मनीष जैन के बेहोश होते ही मची खलबली



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** निर्धारित समय में कामकाज निबटाने के लिए टीएल की बैठक में निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसके साथ ही लापरवाही करने वालों की भी अच्छी खासी खबर बैठकों में ली जाती है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों में इस महत्वपूर्ण बैठक को लेकर तनाव और चिंता का होना लाजमी है। उनमें इस तरह की बैठकों को लेकर एक खटका सा लगा रहता है, कि जाने क्या होना है। और अधिकारी यदि लापरवाह और मनमौजी हो, तो फिर कहना ही क्या। आज आयोजित टीएल की बैठक में एक नई शुरूआत उस समय देखने को मिली, जब एक अधिकारी बैठक शुरू होने के कुछ समय बाद बेहोश हो गए। उनके बेहोश होते ही यहां खलबली मच गई। बताया गया है कि शहर के कलेक्ट्रेट दफ्तर में सोमवार को टीएल बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर अवधेश शर्मा की मौजूदगी में चल रही बैठक के दौरान नायब तहसीलदार मनीष जैन को अचानक सीने में दर्द होने लगा। वे अपनी कुर्सी पर बेहोश होने लगे। जैसे ही उनके आसपास बैठे अन्य कर्मचारियों ने देखा तो तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद मनीष जैन को आईसीयू में भर्ती किया गया है। दरअसल, प्रत्येक सोमवार को कलेक्ट्रेट दफ्तर में टीएल बैठक का आयोजन किया जाता है। आज कलेक्टर की उपस्थिति में चल रही बैठक के दौरान टाइम लिमिट में होने वाले कामों की समीक्षा की जा रही थी। इसी दौरान नायब तहसीलदार मनीष जैन के सीने में दर्द होने लगा। उनके आसपास बैठे कर्मचारियों ने जैसे ही उन्हें कुर्सी पर बेहोश होते हुए देखा तो तुरंत अधिकारियों को इसके बारे में बताया। कलेक्टर ने तत्काल तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर सहित अन्य कर्मचारियों के साथ नायब तहसीलदार मनीष जैन को जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में तत्काल उन्हें आईसीयू में ले जाया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने गैस का दर्द बताया है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें भर्ती किया गया है। तहसीलदार गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि ईसीजी और अन्य जांच रिपोर्ट में हालत सामान्य आई है। फिलहाल उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में आईसीयू में रखा गया है।

### कलेक्ट्रेट में देख रहे सीएम हेल्पलाइन का काम

नायब तहसीलदार मनीष जैन वर्तमान में कलेक्ट्रेट में पदस्थ हैं। इसके पहले वे मोहनगढ़ तहसील में पदस्थ रहे। फिलहाल कलेक्ट्रेट में सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य विभाग की शिकायतों के काम देख रहे हैं।

### कलेक्टर ने टीएल की बैठक में दिये निर्देश

# अधिकारी मंगलवार, बुधवार, गुरूवार तीन दिन ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लें



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की अधिकारीवार समीक्षा कर समय पर शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम जनसुनवाई के दौरान नोडल अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करायें। उन्होंने समाधान ऑनलाईन में चयनित एट्रीव्यूट रिपोर्ट की लंबित शिकायतों की विन्दुवार समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों की विभिन्न योजनाओं के पोर्टल पर रैंकिंग की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये। तत्पश्चात बैठक में सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु समक्ष में शिकायत खुलवाई गई तथा अधिकारियों द्वारा कॉल कर तुरंत निराकरण करने के लिये संपर्क किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कि मंगलवार, बुधवार, गुरूवार तीन दिन ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लें तथा समस्याओं का निराकरण करायें। उन्होंने कर्मकार कल्याण मंडल संबल योजना अंतर्गत म.प्र. असंगठित कर्मकार मंडल के कर्मकारों के मंडल कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में निर्माण कार्यों में समस्यायें आने पर तत्काल सूचित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि पात्रतानुसार समय पर नवीन राशन कार्ड एवं पात्रता पर्ची बनवायें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि लोकसेवा गारंटी योजना अंतर्गत आवेदनों का समय पर निराकरण किया जाये। तत्पश्चात उन्होंने नामांतरण संबंधी राजस्व मामले एवं बंटवारे संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड के पंजीयन की प्रगति बढ़ाई जाये। उन्होंने निर्देशित किया जिले में उर्वरक की उपलब्धता पर्याप्त है वितरण समय पर हो इसके लिये विभाग पहले से ही तैयार रहें। संबंधित अधिकारी विद्यालयों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि बालिका शौचालय के साथ पानी की भी व्यवस्था रहे। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना और वसूली में राजस्व की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी गौशालाएं संचालित रहें और लगातार इसकी मॉनिटरिंग करें तथा गौशालाओं में भूसे की सम्पूर्ण व्यवस्था रहे। उन्होंने आकांक्षी विकासखण्ड अंतर्गत निर्धारित संकेतक के लक्ष्यों की पूर्ति शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर एस के तोमर,उप संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण आरके पस्तोर, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऋजुता चौहान, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग श्रीमती अपूर्वा जैन, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी रामबाबू गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल में कराया भर्ती

# भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप घायल



दमोह देशबन्धु। जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 मील के पास बाइक सवार भाई बहन गंभीर रूप से घायल पड़े होने पर 108 द्वारा दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनका उपचार किया जा रहा है, घायल में सुमंत्रा उम्र 45 वर्ष व देवी सिंह बुरी तरह घायल हुए है।

## आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आई दो महिलाएं



दमोह देशबन्धु। मजदूरी करने खेत गई दो महिलाएं आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से सोमवार शाम को इलाज के लिए निजी वाहन से दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से वर्षा पति परताप आदिवासी उम्र करीब 28 वर्ष निवासी डबा और लक्ष्मी पति नवल आदिवासी उम्र 30 वर्ष निवासी हरदुआ चौकी इमलिया थाना तेजगढ़ का इलाज दमोह जिला अस्पताल में जारी है।

# नवागत सीएमओ ने किया पदभार ग्रहण



दमोह देशबन्धु। नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने सोमवार को नगर पालिका परिषद दमोह में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नगरपालिका की सभी शाखाओं के अधिकारियों एवं विभाग प्रमुख से बैठक कर चर्चा की पदभार ग्रहण करने के पूर्व प्रात: 6 बजे से शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। स्वास्थ्य अधिकारी सहित संबंधित कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नवागत सीएमओ ने कहा मेरी प्राथमिकता शहर में सफाई व्यवस्था अच्छी रहे, बकाया कर की वसूली की जाए, शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले, सीएम हेल्पलाइन का निराकरण जल्द हो सके, शहर में जल प्रदाय सुचारू रूप से संचालित रहे। सभी अधिकारी-कर्मचारी समय से नगर पालिका दफ्तर आए आदि कार्य रहेंगे।

# अवैध शराब जप्त कर 10 प्रकरण किए पंजीबद्ध



दमोह देशबन्धु। जिला आबकारी अधिकारी दमोह के निर्देशन में शुष्क दिवस पर के. पी. गांधी सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में जबलपुर नाका दाल मिल, पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे कुचबंदिया मुहल्ला, ग्राम किल्लाई, व पथरिया फाटक में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 72 बल्क लीटर अवैध मदिरा एवं 1800 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर विधिवत जप्त कर 10 प्रकरण आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। जिला आबकारी खरे ने बताया शहर गस्त कर दमोह बायपास स्थित ढावों की तलाशी तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अनुरोध सेन, आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार गोंड, आबकारी आरक्षक जगदम्बा पांडे, हरिसिंह घुरैया, छोटेलाल चौरसिया, तपिश हल्वी, अरविंद जाटव, भूपति सिंह व महिला आबकारी मेघा अहिरवार व राजू राय नगर सैनिक सहयोगी रहे।

# नव जागृति स्कूल पर अधिरोपित किए 2 लाख रूपए

दमोह देशबन्धु। नव जागृति हायर सेकेण्ड्री विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुचित फीस वृद्धि करके सत्र 2022-23 से सत्र 2024-25 तक 61 लाख 87 हजार 2 सौ 80 रूपये की अतिरिक्त राशि वसूल करने के आरोप में कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला समिति एसके नेमा ने निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों के विनियमन हेतु विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुचित रूप से वसूल की गयी फीस को 30 दिवस के भीतर विद्यार्थियों/अभिभावकों को वापस किए जाने के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशानुसार अतिरिक्त विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुचित फीस वृद्धि करने, चयनित पुस्तक विक्रेताओं से पुस्तकें क्रय करने हेतु विद्यार्थियों/अभिभावकों को बाध्य किए जाने तथा म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबधित विषयों का विनियमन ) अधिनियम 2017 एवं इसके अन्तर्गत निर्मित नियमों के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन किए जाने के फलस्वरूप विद्यालय प्रबंधन पर 2 लाख रूपए की शास्ति भी जिला समिति द्वारा अधिरोपित की गयी है। अधिरोपित शास्ति 15 दिवस के भीतर आयुक्त लोक शिक्षण के खाते में ऑनलाईन जमा करने के आदेश भी जारी किए गए है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया निजी विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की संचालित पुस्तकों के एसबीआईइन एवं पोर्टल पर प्रविष्ट की गयी फीस तथा संबंधित विषयों के दस्तावेजों की जांच हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी किए गए आदेश द्वारा गठित जांच दल द्वारा नवजागृति हायर सेकेण्डरी स्कूल दमोह द्वारा सत्र 2024-25 में अनुशंसित की गई पुस्तकों के एवं फीस तथा संबंधित विषयों से संबंधित दस्तावेजों की जाच की गयी। उन्होंने बताया जांच उपरान्त विद्यालय प्रबंधन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण की गहन जांच उपरान्त अनुचित फीस वृद्धि किए जाने एवं चयनित पुस्तक विक्रेताओं से पुस्तकें क्रय करने हेतु विद्यार्थियों/अभिभावकों को बाध्य किए जाने का तथ्य सामने आया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अनुचित फीस वृद्धि कर विद्यार्थियों/अभिभावकों से सत्र 2022-23 में 1613 विद्यार्थियों से 11 लाख 27 हजार 8 सौ रूपये, सत्र 2023-24 में 1604 विद्यार्थियों से 23 लाख 9 हजार 520 रूपये एवं सत्र 2024-25 में 1482 विद्यार्थियों से 21 लाख 51 हजार नव्वे रूपये तथा हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों की अनुचित फीस वृद्धि कर सत्र 2022-23 में 376 विद्यार्थियों से 1 लाख 9 हजार 8 सौ 70 रूपये,सत्र 2024-25 में कम्प्यूटर की फीस के नाम 489 विद्यार्थियों से 4 लाख 89 हजार रूपये अनुचित फीस वसूल की गयी।

## गोपाल जी यूथ क्लब जिम का हुआ औचक निरीक्षण

दमोह देशबन्धु। खाद्य एवं औषधि प्रशासन दमोह की टीम द्वारा दमोह में बालाकोट रोड स्थित गोपाल जी यूथ क्लब जिम का औचक निरीक्षण किया। जांच दल में औषधि निरीक्षक महिमा जैन एवं डीओ शामिल थे ।निरीक्षण के दौरान जिम में उपयोग किए जाने वाले हेल्थ सप्लीमेंट, फूड लाइसेंस की जांच की गई जिम में किसी भी प्रकार की दवाईयो को संधारण किया जाना या बेचा जाना नही पाया गया।

## प्रधानमंत्री आफएक्सीलेंस कॉलेज के 5 एनसीसी कैडेट्स का अग्निवीर में चयन



दमोह देशबन्धु। प्रधानमंत्री आफएक्सीलेंस कालेज, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के पांच एनसीसी कैडेट्स का अग्निवीर में चयन हुआ है। चयनित कैडेट्स सुरज अहिरवार,अभिषेक यादव,अजय सिंह राजपूत को ट्रेनिंग सेंटर हैदराबाद, सुनील गौण्ड बैंगलुरू और सोनु पटैल को ट्रेनिंग सेंटर सागर मिला। कैडेट्स की छह माह की ट्रेनिंग के पश्चात पोस्टिंग होगी। इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पी.के.जैन,एनसीसी अधिकारी डॉ.के.एस. बामनिया, डॉ.हरिओम दुबे,मीडिया प्रभारी डॉ. के.के.कोरी, डॉ.आर.पी. अहिरवार, डॉ. एन.आर.सुमन, डॉ.जितेन्द्र धाकड़,डॉ.इरफान खान, एवं समस्त स्टाफने अग्निवीर में चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं दी।

# कन्या भोज और भंडारे का आयोजन

सिलवानी, देशबन्धु। हनुमानगंज पूरन काका कालोनी समिति द्वारा भव्य कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिसमें विशेष रूप से कन्याओं और जरूरतमंदों को आदरपूर्वक भोजन कराया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और बेटियों के महत्व को रेखांकित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और कन्याओं के पैर धोकर पूजन से की गई, जिसके बाद उन्हें पारंपरिक भोजन परोसा गया। भंडारे में स्थानीय निवासियों के साथ ही आसपास के क्षेत्रों से भी लोगों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों और स्थानीय युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। समिति अध्यक्ष ने कहा, समाज में बेटियों के प्रति सम्मान बढ़ाना और एकता का संदेश फैलाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया और समिति ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वालों का आभार व्यक्त किया।

# ख्वाजा साहब के जीवन पर आधारित तक़रीर और क़व्वालियों का हुआ आयोजन

दमोह देशबन्धु। महान सूफी संत हज़रत ख्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रहमत तुल्लाह अलैह के उर्स के तीसरे दिन स्थानीय पुराना बाज़ार चिश्ती नगर स्थित दरगाह में महफ़िलें क़व्वाली और तक़रीर कार्यक्रम हुआ। वार्षिक 34 वे उर्स के मौक स्थानीय हाफ़िज़ ख़लील साहब ने ख्वाजा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए तक़रीर की। तक़रीर प्रोग्राम के बाद रात 11 ,20 पर विशाल शरीफकी फ़ातिहा हुई बाद फ़ातिहा देर रात तक क़व्वालियों का प्रोग्राम चला जिसमें राजस्थान से आये मेहमान क़व्वालों ने सूफ़ियाना कलाम पढ़े।

(ख्वाज़ा साहब ने अपने जीवन के आख़री पल दमोह में ही बिताए और यहीं बनी दरगाह)



ख्वाजा साहब के (शिष्य मुरीद) देश भर में मौजूद हैं। आप ख्वाजा साहब जिला होशंगाबाद के पचमढ़ी की खूबसूरत वादियों को छोड़ दमोह में अपने मुरीदों (शिष्यों) के बीच रहना ही पसंद किया हयाते ज़िंदगी में अक्सर मुरीदों के पास दमोह में हाजी कासिम हाजी हासिम ठेकेदार के मकान पर रुकना होता था। ख्वाज़ा साहब का ज़ाहिरी जीवन से पर्दा इन्तकाल ऊर्दू माह ग्यारवीं शरीफ की 9 वीं तारीख़ को 34 वर्ष पूर्व दमोह में ही हुआ था। जिनकी मज़ार दरगाह शरीफ ख्वाजा साहब के पसंदीदा अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर नैयर दमोही साहब के निवास स्थान पुराना बाज़ार नंबर 02 चिश्ती नगर में बनी तभी से इस वार्ड को चिश्ती नगर के नाम से ख्याति मिली ख्वाजा साहब चिश्तिया सिलसिले से ताल्लुक रखते हैं। यहाँ होने वाले उर्स कार्यक्रम में देश प्रदेश के अनेक शहरों से दरगाह पर हाजिरी देने आते हैं उर्स कमेटी सदस्य इम्तियाज़ चिश्ती ने जानकारी देते हुए बताया चिश्ती नगर में हर वर्ष होनें वाले उर्स कार्यक्रम उर्स अंजुमन चिश्तिया कमेटी द्वारा किया जाता है दमोह से बाहर अन्य शहरों से आने वाले ज़ायरीन दरबार में आते है और अपनी हाजरी देते साथ ही दुआएं माँगते हैं ख्वाजा साहब ने सभी धर्मों के लोगों को प्रेम और शांति का सन्देश दिया।

# एक दर्जन से अधिक बच्चों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन



## बिना कैलकुलेटर 5 मिनट में हल किए गणित के 100 सवाल

सीहोर, देशबन्धु। पांच मिनट में गणित की 100 मुश्किल पहेलियां को बुझाकर शहर के नन्हे मैथमेटिशियंस ने भोपाल में आयोजित स्टेट लेवल कांपीटीशन में शहर का नाम रोशन किया। स्मार्ट किड्स अबेकस के द्वारा भोपाल के रचना नगर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के कई स्थानों से आए बच्चों ने भाग लिया उसके परिणाम भी उसी दिन घोषित किए गए। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गणित के 100 सवालों को महज 5 मिनट में हल करना होता है जिसमे नगर के बच्चो ने अपनी अपनी कैटेगरी में स्थान प्राप्त किया। शहर के भोपाल नाका स्थित पांच सालों से स्मार्ट किड अबेकस क्लास संस्था की संचालिका श्रीमती शिखा वोरा ने बताया कि कांपीटीशन से स्टूडेंट की कैलकुलेशन, कंस्ट्रेशन और मेमोरी लेवल आंके गए। शहर से कुल 21 बच्चों ने कंपटीशन में सहभागिता की जिसमे से 15 से पुरस्कार प्राप्त किया। इसमें मोक्ष गर्ग, प्रणव मिश्रा , आदित्य पठारिया, माही अग्रवाल, रितिका बरपाते, वरदान राठौर, प्रथमेश वोरा, अभियुक्त मीना, तेजन गेहलोत, माही मेवाडा, आरव पारे, दृष्टि चौधरी, तान्या अग्रवाल, प्रिंस मालविया आदि वर्मा शामिल है। सभी विजेता बच्चो का पुणे में होने वाली राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। 29 दिसम्बर को सभी चयनित बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने किया कदमताल



भेरूंदा, देशबन्धु। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भैरुंदा खण्ड का विशाल पथ संचलन 13 अक्टूबर दिन रविवार को सायं 04 से कृषि उपज मंडी प्रांगण भैरुंदा से निकला इस दौरान गणवेशधारी स्वयंसेवक घोष की ध्वनि पर कदमताल करते हुए निकले भैरुंदा खण्ड का पथ संचलन कृषि उपज मंडी प्रांगण भैरुंदा से सायं 04 बजे प्रारंभ हुआ जो कि मेन रोड होते हुए दुर्गा मंदिर चौराहे, जे पी मार्केट,रॉयल मार्केट, गाँधी चौक,किसान मोहल्ला,भदभदा रोड से मेन रोड,सीहोर नाके से यू टर्न लेकर,बस स्टेण्ड,दुर्गा चौक,शास्त्री कॉलोनी,गणेश चौक से शनि मंदिर से पुन: कृषि उपज मंडी प्रांगण मे समापन हुआ।

## सीहोर और इछावर में निर्मित नवीन अस्पताल भवनों का लोकार्पण आज



सीहोर, देशबन्धु। इछावर में 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन का लोकार्पण कार्यक्रम 15 अक्टूबर को दोपहर 03 बजे आयोजित है। इछावर में 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण राज्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमति कृष्णा गौर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना सुरेंद्रसिंह मेवाड़ा, इछावर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा जगदीश पटेल, इछावर नगर परिषद अध्यक्ष श्री देवेंद्र वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नगरिक शामिल होंगे। जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय नवीन भवन एवं 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर युनिट का लोकार्पण कार्यक्रम 15 अक्टूबर को दोपहर 04 बजे आयोजित है।

## अग्रवाल बने भारतीय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष



भैरूंदा, देशबन्धु। नगर के युवा पत्रकार रिक्की अग्रवाल को भारतीय पत्रकार संघ एआइजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्षा रघुवरदयाल गोहिया की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार दग़दी ने सीहोर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया हैं। उनकी नियुक्ति पर नगर के पत्रकारों और समाज जनो ने पुष्प माला पहनाकर और मुंह मीठा करा कर श्री अग्रवाल को बधाई दी है। बधाई देने वालों में पत्रकार लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, पत्रकार चांद मियां, अजय राव, धर्मेंद्र योगी, अजय यादव, बसंत अग्रवाल, गोल्डी अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, रत्नेश खंडेलवाल, मयंक खंडेलवाल, जेपी पावर, धीरज यादव आदि के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। रिक्की अग्रवाल ने कहा है कि वह शीघ्र ही संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन करेंगे और नगर में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करेंगे। उन्होंने अपने मनोनयन के लिए भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर गोहिया और प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार दगदी का आभार व्यक्त किया है।

## सरकारी भूमि को पार्किंग के लिए कराया समतल

आष्टा, देशबन्धु। यातायात को सुगम बनाने की दृष्टि से पार्वती नदी पुल के समीप स्थित रिक्त शासकीय भूमि को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के निर्देश पर जेसीबी के माध्यम से नगरपालिका द्वारा समतल किया गया।

# महिला अत्याचार के खिलाफ़ कांग्रेस ने विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा



आष्टा, देशबन्धु। ब्लॉक नगर कांग्रेस द्वारा प्रदेश में बेटियों महिलाओं पर हो रहे अत्याचार एवं शौषण के खिलाफ विधायक कार्यालय पहुंच कर विधायक सहायक अजय गौतम को ज्ञापन सौंपते हुए एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में लगातार अबोध बालिकाओं जिनमें एक वर्ष से लेकर 10 वर्ष तथा 70-75 वर्ष तक की बुजुर्ग महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं निरन्तर हो रही है जहां तक कि छोटी-छोटी बच्चियों के साथ बलात्कार एवं हत्या होना आम बात हो गई है जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में बालिकाओं एवं महिलाओं का जीवन संकट में पड़ गया है। एवं महिला अत्याचार में प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर नंबर एक पर पहुंच गया है जिससे समस्त प्रदेशवासियों का सिर शर्म से झुक गया है ।चिन्ता की बात यह है कि प्रदेश में पौने तीन साल में हजार के करीब बलात्कार की घटनाएं हो चुकी है जिसमें बलात्कार एवं गैंग रैप की घटनाओं के कारण छोटी-छोटी बच्चियों, छात्राओं का स्वतंत्र रूप से भ्रमण करना मुश्किल हो गया है, परिवार के मुखिया हमेशा इस बात से चिंता में रहते हैं कि उनके छोटे छोटे बच्चें कहीं किसी अनहोनी घटना के शिकार न हो जाएं। पिछले दिनों ग्वालियर, अनूपपुर, टीकमगढ़, राजगढ़, शहडोल, डिंडौरी, जबलपुर, उज्जैन, भोपाल, खंडवा, रायसेन, दतिया, रीवा, हरदा, नर्मदापुरम, मुरैना आदि स्थानों पर बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ बलात्कार एवं उनकी हत्याओं की घटनाएं हो चुकी है जिससे आमजन का जीवन मुश्किल में आ गया है ।वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने गोपाल सिंह इंजीनियर को ज्ञापन के माध्यम से कहा कि आप जनप्रतिनिधि होने के नाते प्रदेश में लगातार अबोध बालिकाओं, छात्राओं, महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं एवं उनकी हत्या की रोकथाम हेतु अपने-अपने स्तर पर कड़े एवं प्रभावी कदम उठाएं तथा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी शक्ति के साथ ऐसे प्रयास करे ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु आवाज उठाने के साथ ही बच्चियों के साथ हो रहे दुराचार को लेकर सोशल मीडिया में इसके रोकथाम हेतु अपने प्रभावी संदेश को प्रसारित करे ताकि प्रदेश में कानून व्यवस्था दुरूस्त होने के साथ ही बालिकाओं एवं महिलाओं का जीवन सुरक्षित हो सके उपरोक्त कार्यक्रम में एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर,गुलाब बाई ठाकुर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, अरविन्द सिंह सेमलीबारी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस जावर,ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मूंदीखेड़ी आदि शामिल हुए।

# एसडीएम और तहसीलदार द्वारा कैंप कोर्ट लगाकर मौके पर ही होंगे प्रकरण हल: कलेक्टर

## तहसील स्तर पर आयोजित होंगे कैंप कोर्ट

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने जिले के राजस्व अधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि वे न्यायालय आपके द्वार के तहत कैंप कोर्ट आयोजित कर प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। यह कैंप कोर्ट तहसील स्तर पर आयोजित किये जायेंगे, जहां गांव-गांव में शिविर लगाकर राजस्व से संबंधित मामलों जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि को हल किया जायेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया के तहत 30 दिन से अधिक लंबित मामलों को त्वरित रूप से निपटाया जायेगा। जैसे ही प्रकरण अधिकारी के पास आये, उसे चिन्हित कर तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिये। उन्होंने कहा कि मंगलवार को जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ऐसे लोग आते हैं जिनकी समस्याओं का समाधान तहसील, विकासखंड और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के स्तर पर ही होना चाहिये, लेकिन क्षेत्र में भ्रमण और जन सुनवाई की कमी के कारण समस्यायें लंबित हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व विभाग के सेगमेंट कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय भ्रमण सुनिश्चित करें और मासिक भ्रमण कार्यक्रम एवं भ्रमण डायरी समय पर प्रस्तुत करें। साथ ही, यह सुनिश्चित करें कि अधिकारी अपने मुख्यालय पर ही निवास करें ताकि स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता से हल किया जा सके। जन सुविधा एवं लोकहित को ध्यान में रखते हुयें शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जायेगा। इन शिविरों में राजस्व अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहकर समस्याओं का समाधान करेंगे।

तहसीलदार और नायब तहसीलदार नामांतरण, बंटवारा और अतिक्रमण संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक माह के 25 तारीख तक अगले माह का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तुत करें और अगले माह की 5 तारीख तक भ्रमण डायरी जमा करें। शिविर स्थल पर आवश्यक सुविधायें जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जायेंगी। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## 15 से 30 अक्टूबर तक चलेगा आयुष्मान परवबाड़ा



कलेक्टर संदीप जीआर ने निर्देश दिये हैं कि आगामी 15 से 30 अक्टूबर तक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये विशेष शिविर का आयोजन किया जाये। इन 15 दिनों में सभी तहसीलों में विशेष कैंप का आयोजन कर सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम 15 दिवस तक लगाये जाने वाले इन विशेष शिविर की मॉनिटरिंग करेंगे। वे स्वयं भी शिविर में जाकर देखेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बने। उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति जिनके पास गंभीर बीमारियों के उपचार के लिये पैसे नहीं होते, उनके जीवन के लिये यह अति महत्वपूर्ण है। सभी तहसीलों के गांव-गांव में कैंप लगाकर लाभार्थियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। इलाज के अभाव में किसी की जान न जाये, इसके लिये शासन ने आयुष्मान भारत योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत पांच लाख तक कैशलेस इलाज की व्यवस्था शासन ने की है। इसके अंतर्गत सभी सरकारी अस्पतालों में भी कैंप लगाया जायेगा तथा छूटे हुये लाभार्थियों को कार्ड जारी किया जायेगा।

## विश्वविद्यालय छात्रावास के पास तेंदुआ की खबर, वन विभाग मौके पर



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय की छात्रावास की पास तेंदुआ होने की खबर प्राप्त होते ही वन विभाग के अधिकारी अमले के साथ विश्वविद्यालय छात्रावास पहुंची। जहां सर्चिंग की करवाई जा रही है। उपवन मंडल अधिकारी हेमंत यादव ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही सर्चिंग की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सभी से अपील की है छात्रावास एवं अन्य व्यक्ति बेवजह घर से ना निकले पूरी सतर्कता के साथ निकले वन विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम तेंदुआ को खोजने में लगी रही।

## कैथ लैब के लिये मशीन का हुआ ऑर्डर: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन ने भोपाल प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव से मुलाकात कर जिला चिकित्सालय एवं बुंदेलखंड मेडिकल कालेज के मर्जर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों को उनकी सेवा और अनुभव के आधार पर यथोचित स्थान दिये जाने के संबंध में चर्चा की जिस पर मंत्री ने सैद्धांतिक सहमति दी, इसके अतिरिक्त बुंदेलखंड मेडिकल कालेज में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के संबंध में सागर में हृदय रोगियों के इलाज के लिये कैथ लैब को रीवा की मशीन के साथ ही मंगाने का आग्रह किया। जिस पर मंत्री ने बताया की दोनों मशीनों का ऑर्डर एक साथ किया गया है, बीएमसी में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं को शुरू करने के लिये इनके कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑनकोलॉजी में पदो को सृजित करने के संबध में भी चर्चा की जिसे मंत्री ने कैबिनेट में रखने की बात कही, इसके अलावा सागर में कैंसर हॉस्पिटल के संबंध में बताया कि कंसल्टेंट के साथ स्थल निरीक्षण हो चुका है स्थान तय हो चुका है उन्होंने आग्रह किया कि इसकी टेंडर प्रक्रिया को अविलंब शुरू किया जाये जिस पर मंत्री ने प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिये, इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## विट्ठल मंदिर घाट पर हुआ गंगा आरती का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम द्वारा सागर की पहचान लाखा बंजारा झील को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने जन जागरुकता लाने के उद्देश्य से चकराघाट पर मां गंगा की आरती श्री विट्ठल मंदिर घाट पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर निगमायुक्त ने कहा कि गंगा आरती के आयोजन से नागरिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्साह के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति भी जागरूक हो रहे हैं तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान कर आगे आ रहे हैं। गंगा आरती के अवसर पर अलग-अलग स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु एक समृद्ध मंच इस आयोजन के माध्यम से दिया जा रहा है इस सप्ताह मछरयाई भजन मंडली द्वारा भारतीय संगीत का लोकप्रिय तंत्रवाद्य यंत्र इकतारा पर शानदार बुंदेली भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसका उपस्थित श्रद्धालुओं ने आनंद लिया।

## शहर की सफाई व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जायेगा: निगमायुक्त



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में समस्त विभागीय प्रमुख, जोन प्रभारियों एवं इंजीनियरों की बैठक लेकर निर्देश दिये कि शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने के लिये गार्बेज फ्री सिटी की दिशा में कार्य करें। शहर की स्वच्छता से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता इसलिये सड़कों की सफाई एवं मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था एवं उद्यानिकी के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। सभी जोन के अंतर्गत आने वाले वार्डों में स्थित स्कूलों, कॉलेज, मंदिरों एवं कार्यालयों की जानकारी एवं उनके फोन नंबर अपडेट रखें। उन्होंने स्वच्छता अधिकारी, सभी जोन प्रभारियों एवं इंजीनियरों को निर्देश दिये कि व अपने-अपने वार्ड का भ्रमण कर टाटा, सीवर प्रोजेक्ट एवं स्मार्ट सिटी के के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों के दौरान जिन-जिन स्थानों पर सड़कों की खुदाई की गई है और उनके द्वारा समय सीमा में रीस्टोरेशन का कार्य नहीं किया गया है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही करें तथा खोदी गई सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण करायें तथा सीएंडडी वेस्ट की अच्छी तरह से साफ-सफाई करायें, जिन स्थानों पर ब्लैक, रेड, येलो स्पॉट है उनकी अच्छी तरह से सफाई एवं पुताई कराकर उनकी लगातार निगरानी करें जिससे वहां पर पुन: गंदगी न हो तथा जोन प्रभारी किये गये कार्यों का रिकार्ड संधारित करें। रेमकी द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। बैठक में उपायुक्त एस एस बघेल, कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत, सहायक यंत्री संजय तिवारी, शशांक रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक साल से फरार स्थाई वांरटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



**बण्डा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के निर्देश पर डॉ. संजीव कुमार ऊईके अति. पुलिस अधीक्षक सागर एवं शिखा सोनी एसडीओपी बंडा के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्रान्तर्गत थाना स्तर पर टीम गठित कर कई सालो से फरार स्थाई वांरटियो की धर पकड कार्यवाही के लिये क्षेत्र में पेट्रोलिंग की गई तो 2 प्रकरणो में 1 साल से फरार स्थाई वांरटी गुल्कू उर्फ श्रीसींग गौड पिता लखन उर्फ लटकन सिंह गौड उम्र 30 साल निवासी ग्राम गोराखुर्द के बाहर से अपने गांव गोराखुर्द आने की सूचना मिलने पर हमराह स्टाफ की मदद ग्राम गोराखुर्द पहुंचकर उक्त स्थाई वांरटी को गिरफ्तार कर न्यायालय बंडा में पेश किया। उक्त कार्यवाही में बंडा थाना प्रभारी निरीक्षक नसीर फारूकी, चौकी प्रभारी बरा उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुकेश कुमार सेन, पुष्पेन्द्र सिंह जादौन, संतवत सिंह, दुर्गेश पटैल का योगदान रहा।

## महेंद्र फुसकेले स्मृति पर अलंकृत हुये हरगोविंद विश्व



**सागर, देशबन्धु।** रविवार को प्रगतिशील लेखक संघ प्रलेस द्वारा आयोजित महेंद्र फुसकेले स्मृति साहित्य अलंकरण समारोह में लोकगायक और कवि हरगोविंद विश्व को सम्मानित किया गया। यह आयोजन कटरा तीनबत्ती सागर में हुआ, जिसमें विभिन्न साहित्यकारों और प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महेंद्र फुसकेले को पुष्पांजलि अर्पण से हुई। इस दौरान फुसकेले के योगदान और उनके सामाजिक, साहित्यिक कार्यों की सराहना की गई। कई वक्ताओं ने महेंद्र फुसकेले की साहित्यिक यात्रा और उनके विचारों पर चर्चा की। कैलाश तिवारी ने उनके लेखन में बुंदेली अंचल की सांप्रदायिक सौहार्द और संघर्ष की गाथा की बात की। डॉ. गजाधर सागर और टीकाराम त्रिपाठी ने फुसकेले जी की समाजवादी विचारधारा और मजदूरों की समस्याओं को लेकर उनके संघर्षों का उल्लेख किया। डॉ. सुश्री शरद सिंह ने फुसकेले जी की स्त्री विमर्श और उनकी स्पष्टवादिता की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में हरगोविंद विश्व को महेंद्र फुसकेले स्मृति साहित्य अलंकरण से सम्मानित किया गया, जिसमें शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र और सम्मान निधि दी गई।

## भाग्योदय तीर्थ में मारपीट मामले में ब्रह्मचारिणी दीदी पर एफआईआर

### हाथ हटाने को लेकर हुआ था विवाद, 11 पर मामला दर्ज

**सागर, देशबन्धु।** रविवार को जैन मुनि के आहार के दौरान हुये विवाद मे दोनों पक्षों की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के 9 नामजद समेत कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया है। इसमें ब्रह्मचारिणी आरती दीदी को भी आरोपी बनाया है। बता दें कि भाग्योदय तीर्थ में रविवार सुबह मुनिश्री सुधा सागर के आहार चल रहे थे। इसी दौरान ब्रह्मचारिणी आरती दीदी ने वहां मौजूद जैन समाज के ही एक अनुयायी से हाथ हटाने के लिये कहा ताकि लोग कमरे के अंदर आ सकें। उसने नहीं सुना तो दीदी ने उसका हाथ हटा दिया। विवाद यहीं से शुरू हुआ और मुनिश्री के आहार के बाद मारपीट होने लगी। फरियादी ब्रह्मचारिणी आरती दीदी निवासी पटना बुजुर्ग ने शिकायत में कहा कि 12 अक्टूबर को भाग्योदय आश्रम में आई थी। सोमवार को सुबह करीब 11.30 बजे भाग्योदय अस्पताल के चौका रूम नंबर 7 में मुनिश्री सुधासागर को आहार दे रही थी। मुनिश्री के बाहर निकलने के बाद विशाल जैन, सुरेंद्र जैन, शुभम जैन कमरे के दरवाजे तोड़कर अंदर आकर गाली-गलौज करने लगे। मैंने गालियां देने से मना किया तो लात घूंसों से मारपीट करने लगे। मारपीट में मुझे चोटे आईं। जान से मारने की धमकी देकर चले गये। कुछ देर बाद आदर्श जैन, शोभा जैन और अन्य दो महिलायें कमरे में आई। उन्होंने भी मेरे साथ मारपीट की। मेरे चिल्लाने पर भतीजा मोहित जैन और सुयश जैन आ गये। जिन्होंने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने फरियादी आरती दीदी की शिकायत पर विशाल जैन, सुरेंद्र जैन, शुभम जैन, आदर्श जैन, शोभा जैन समेत अन्य दो महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दूसरे पक्ष से फरियादी सविता पति विशाल जैन निवासी रामपुरा वार्ड ने थाने में शिकायत करते हुये बताया कि भाग्योदय में आई थी सुबह करीब 11 बजे आहार चल रहा था। वहीं पर मेरे पति विशाल जैन खड़े थे।

आरती जैन ने बिना किसी कारण के पति विशाल को बुलाकर मारने दौड़ी, उसके बाद सत्तू जैन, आशीष जैन, मनोज को बुलाया। जिन्होंने पति के साथ गालीगलौज की। घटना देख मैं और जेठानी अनीता जैन बीच-बचाव करने गई तो उन्होंने हमारे साथ मारपीट की। जिससे मुझे और जेठानी अनीता को चोटें आई हैं। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी सविता जैन की शिकायत पर आरती जैन ब्रह्मचारिणी दीदी, सट्टू जैन, आशीष जैन और मनोज जैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## बिजली मीटर में शंट लगाते रंगे हाथों पकड़ा

**सागर, देशबन्धु।** बिजली कंपनी के सागर वृत्त के अधीक्षण अभियंता डीएन चौकीकर के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता अजीत चौहान के नेतृत्व में शहर में सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता ने जानकारी देते हुये बताया कि सूत्रों से पता चला कि शहर में मीटर में शंट करके विद्युत चोरी की जा रही है। सोमवार को अजीत चौहान के नेतृत्व में सहायक अभियंता सीएस पटैल, मुकेश कुमार मंडलोई, लखनलाल अहिरवार, एसके माहौर, पूजा खोब्रागढ़े, नीरज खरे ने मढ़िया विट्ठल नगर में उपभोक्ता एसआर रहीम पिता शेख गफूर उपयोगकर्ता नाजिया बेगम के विद्युत कनेक्शन सर्विस क्रमांक 1407016595 में शिवराज पिता लखनलाल अहिरवार उम्र 36 वर्ष निवासी रजाखेड़ी मकरोनिया को मीटर में शंट लगाते हुये रंगे हाथों पकड़ा पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह कार्य वीरेंद्र जैन निवासी बाघराज आवासीय कॉलोनी के कहने पर कर रहा था। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। पूरे घटनाक्रम की व्हीडियोग्राफी कर पंचनामा बनाकर एफआईआर दर्ज की जा रही है। कार्यपालन अभियंता चौहान ने बताया कि सोमवार को शहर में विद्युत चोरी के 20 प्रकरण बनाये गये। अधीक्षण अभियंता चौकीकर ने बताया कि विद्युत कनेक्शनों की सघन चैकिंग की जा रही है विद्युत चोरी करते हुये पाये जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज कर विशेष न्यायालय को प्रकरण सौंपा जायेगा।

## राधारानी तिवारी का निधन



**बिलहरा, देशबन्धु।** बिलहरा निवासी राधारानी तिवारी 76 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बिलहरा में किया गया। वे देवेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र तिवारी की मां एवं केके तिवारी की भाभी थी। मुखग्नि पति पं. गोविंद प्रसाद तिवारी द्वारा दी गई। वे भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं। अंतिम संस्कार में बिलहरा, सुरखी, सागर एवं आसपास के गांवों के व्यक्ति सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वैज्ञानिक और समालोचनात्मक सोच का विकास सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने बताया राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत प्रवेशित छात्रों के लिये निर्धारित कार्यक्रम के अतिरिक्त अन्य प्रमाण पत्र कार्यक्रमों के अध्ययन का प्रावधान है। आज के इस वैज्ञानिक युग में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की आवश्यकता है। महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा छात्रों के लिये वैज्ञानिक और समालोचनात्मक सोच का विकास का यह सर्टिफिकेट कोर्स एक बेहतर अवसर है। जीवन की बढ़ी से बढ़ी समस्यायें भी बेहतर योजना और सतर्कता से हल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक, छात्र एवं अन्य सभी लोग दैनिक जीवन में कुरीतियों, मिथकों, रूढ़ियों, अंधविश्वासों एवं पाखंड आदि का सामना करते ही है। शिक्षित लोग भी इनका शिकार हो जाते है। यहां तक कि कई वैज्ञानिक भी अंधविश्वास एवं कुरीतियों से ग्रसित रहते है। जिससे उनका स्वयं का जीवन तो प्रभावित होता ही है साथ ही समाज भी प्रभावित होता है। इसका कारण शैक्षणिक जीवन में इस पर अधिक ध्यान ना दिया जाना है। इसी को दृष्टिगत रखते हुये अर्थशास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय में छात्रों के लिये वैज्ञानिक और समालोचनात्मक सोच का विकास करने के उद्देश्य से इस सत्र का पहला बेच आज से प्रारंभ किया जा रहा है जो 23 अक्टूबर तक होगा। कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. सुनील साहू ने कोर्स की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुये बॉल इल्लूजन के वीडियो के माध्यम से दृष्टि भ्रम की व्याख्या की। इसके बाद समूह चर्चा में छात्रों ने जीवन से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं पर विमर्श करते हुये उनके कारणों और उपायों को सभी के समक्ष रखा। समूहों की रिपोर्ट को गजेंद्र लोधी, हेमराज पटेल, अंकित साहू, हरिश्चंद्र अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, जयपाल सिंह, इमरान आदि ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. जयकुमार सोनी, संतोष सेन एवं प्रतीक्षा जैन का विशेष सहयोग रहा।

## विज्ञान शिक्षकों के लिये खगोलीय मॉडल्स प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** विज्ञान शिक्षकों के लिए नवाचारी खगोलीय मॉडल्स प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सागर के नोबल कॉलेज में हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल और स्कूल शिक्षा विभाग मप्र शासन के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में जिले भर के 50 से अधिक विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि खगोलीय घटनाओं को समझना आमजन के लिये कठिन होता है, लेकिन इस कार्यशाला में बने नवाचारी मॉडल्स के जरिये जटिल खगोलीय घटनाओं को सरलता से समझा जा सकता है। प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. विकास शिंदे ने प्राचीन खगोलविदों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि बिना आधुनिक



संसाधनों के भी वे खगोलीय रहस्यों को सुलझाने में सफल रहे। डॉ. सुनील गर्ग ने खगोलीय घटनाओं के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया और बताया कि यह कार्यशाला विज्ञान को और अधिक दिलचस्प और व्यवहारिक बनायेगी। प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार अहिरवार ने बताया कि खगोलीय मॉडल्स के माध्यम से रचनात्मक गतिविधियों के जरिये शिक्षा को और अधिक रुचिकर एवं मित्रवत बनाया जा सकता है। समाजसेवी गुलजारी लाल जैन ने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षकों को नये और क्रिएटिव तरीकों से सोचने के लिये प्रेरित करेगी। मुम्बई के विशेषज्ञ पुरुषोत्तम त्रिपाठी ने मैजिक मिरर सन कार्ड और सोलर फिल्टर जैसी गतिविधियों के जरिये प्रतिभागियों को दिन के समय में खगोलीय घटनाओं का अनुभव कराया। प्रो. जवाहर लाल जैन ने ग्लोब का उपयोग करके खगोलीय घटनाओं की सटीक समझ प्रदान की। कार्यक्रम समन्वयक दीपक सोनी ने बताया कि खगोलीय घटनाओं के मॉडल्स के प्रदर्शन से प्रतिभागियों को ब्रह्मांड के गूढ़ रहस्यों को समझने में मदद मिलती है। प्रतिभागी शिक्षकों ने इस कार्यशाला को बहुत सार्थक और उपयोगी बताया और कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर होते रहना चाहिये। अंत में कार्यशाला के दौरान विभिन्न खगोलीय मॉडल्स, जैसे सूर्य चन्द्र ग्रहण, शुक्र पारगमन, चन्द्र कला, और टेलिस्कोप निर्माण की प्रक्रिया को विस्तार से सिखाया गया, जिससे प्रतिभागियों की वैज्ञानिक जिज्ञासाओं को संतुष्टि मिली।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।